ज्ञानामृत
निज भाषा उन्नति अहै,
सब भाषा को मूल।
बिनु निज भाषा ज्ञान के,
मिटै न हिय को शूल॥
भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

राष्ट्र को समर्पित
# विजय मत
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

www.vijaymat.com | रायपुर, बुधवार, 2 अप्रैल 2025 | वर्ष- 08 | अंक- 87 | पेज- 08 | मूल्य- ₹ 2.00/-

## न्यूज इन शॉर्ट

### उप्र में लागू होगा एक तिथि एक त्योहार का नियम

**लखनऊ, एजेंसी।** एक तिथि एक त्योहार का नियम अब पूरे प्रदेश में लागू होगा। बनारस से प्रकाशित पंचांग के आधार पर ही प्रदेश के व्रत-पर्व और अवकाश का निर्धारण होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर काशी विद्वत परिषद ने इसका खाका तैयार कर लिया है। प्रदेश के सभी पंचांगकारों की सहमति के बाद इस दिशा में कार्य भी शुरू हो चुका है। काशी के पंचांगों में एकरूपता के बाद अब प्रदेश के पंचांग की तिथियों को एक करने की तैयारी शुरू हो गई है।



### दोषी पाए गए तो राजा को भी करना होगा सजा का सामना

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने हिंसक विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व करने वाले राजशाही समर्थकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि 28 मार्च की हिंसा में दोषी पाए जाने पर पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह को भी नहीं बख्शा जाएगा। स्थानीय मीडिया के अनुसार सोमवार को प्रतिनिधि सभा की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने एक वीडियो बयान के जरिए शाह पर प्रदर्शनकारियों को भड़काने का आरोप लगाया।



### पंजाब के पादरी बजिंदर सिंह को ताउम्र कैद की सजा

**मोहाली, एजेंसी।** पंजाब के मोहाली के जीरकपुर की महिला के साथ दुष्कर्म मामले के आरोपी पादरी बजिंदर सिंह को मोहाली की अदालत ने ताउम्र कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट से दोषी करार दिए जाने के बाद पुलिस ने पादरी को हिरासत में ले लिया था। वह पटियाला जेल में बंद है। पीड़िता के वकील एडवोकेट अनिल सागर ने बताया कि बजिंदर सिंह एक आध्यात्मिक नेता के रूप में लोकप्रिय है। उसके अनुयायी उन्हें 'पापा जी' कहकर बुलाते थे।



### रामनवमीं पर अमिताभ बच्चन सुनाएंगे राम कथा

**मुंबई, एजेंसी।** रामनवमी के अवसर पर जियो-हॉटस्टार दर्शकों के लिए अयोध्या से एक विशेष लाइव स्ट्रीमिंग करेगा। इस दौरान अमिताभ बच्चन भगवान राम की प्रेरक कथा सुनाएंगे। साथ ही राम जन्मभूमि पर होने वाले सभी विशेष धार्मिक कार्यक्रमों को भी इस पर प्रसारित किया जाएगा। 6 अप्रैल को सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक यह स्ट्रीमिंग चलेगी। स्ट्रीमिंग के दौरान अमिताभ बच्चन राम के मूल्यों पर चर्चा करेंगे।



## छत्तीसगढ़ सरकार का बड़ा निर्णय: छोटे व्यापारियों और आम जनता को राहत

# एक लाख तक का माल परिवहन अब बिना ई-वे बिल के होगा, पेट्रोल पर 1 रुपए प्रति लीटर वैट किया कम

**विजय मत, रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश के छोटे व्यापारियों और मध्यमवर्गीय परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए दो अहम निर्णय लागू किए हैं, जो 1 अप्रैल 2025 से प्रभावी हो चुके हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन और वित्त मंत्री ओ पी चौधरी के दिशानिर्देश पर इन निर्णयों को वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल किया गया था।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ के भीतर माल परिवहन के लिए अनिवार्य ई-वे बिल की सीमा 50,000 से बढ़ाकर 1 लाख रुपए कर दी है। यह निर्णय विशेष रूप से छोटे व्यापारियों को राहत देने के उद्देश्य से लिया गया है। इस निर्णय से व्यापारियों को 1 लाख रुपए तक के मूल्य के सामानों के परिवहन में अब ई-वे बिल की आवश्यकता नहीं होगी। इस निर्णय से राज्य में ई-वे बिल जनरेट करने वाले लगभग 26 प्रतिशत व्यापारियों को ई-वे बिल जनरेट करने से मुक्ति मिलेगी। इस निर्णय से ई-वे बिल जनरेशन में 54 प्रतिशत की कमी आएगी, जिससे अनुपालन व्यय में उल्लेखनीय कमी आएगी। हालांकि, कुछ विशेष वस्तुएं जैसे पान मसाला, तंबाकू उत्पाद, विशिष्ट लकड़ी उत्पाद जैसे- प्लायवुड, लेमिनेटेड शीट, पार्टिकल बोर्ड, फाइबर बोर्ड, आयरन, स्टील एवं उसके सामान, कोयला के लिए यह छूट लागू नहीं होगी। व्यापारियों द्वारा लंबे समय से ई-वे बिल में छूट दिए जाने की मांग पर यह निर्णय लिया गया है, जो व्यापार को सुगम और लागत प्रभावी बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल है।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर के महिला थाना चौक (मधुसूदन दास चौक) में उत्कल दिवस के अवसर पर महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बैरिस्टर मधुसूदन दास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें सादर नमन किया।

### पेट्रोल की कीमत में कमी से मध्यमवर्ग को फायदा

राज्य सरकार ने 1 अप्रैल 2025 से पेट्रोल पर वैट की राशि में 1 प्रति लीटर की कटौती की है। इस निर्णय से पेट्रोल की कीमतों में सीधे कमी आएगी, जिसका लाभ विशेष रूप से मध्यमवर्गीय और निम्न मध्यमवर्गीय परिवारों को मिलेगा। छत्तीसगढ़ में दुपहिया वाहनों का उपयोग करने वालों की संख्या अधिक है, जो मुख्यतः पेट्रोल पर निर्भर हैं। वैट में की गई यह कटौती इन परिवारों की रोज़मर्रा की लागत को कम करने में सहायक सिद्ध होगी। यह निर्णय भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन और वित्त मंत्री ओ पी चौधरी द्वारा वर्ष 2025-26 के बजट में की गई घोषणा के अनुरूप वर्तमान आर्थिक परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए क्रियान्वित किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेशवासियों की समस्याओं को समझते हुए लगातार ऐसे निर्णय ले रही है जो सार्थक, जनहितकारी और दूरदर्शिता से परिपूर्ण हों। व्यापारी वर्ग को सहूलियत और आम जनता को राहत देने के ये निर्णय प्रदेश के आर्थिक विकास को गति देने में महत्वपूर्ण कारक सिद्ध होंगे।

## नक्सल प्रभावित जिलों में निर्माण कार्यों के लिए जिला निर्माण समिति गठित

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य शासन ने एक निर्णायक कदम उठाते हुए नक्सल प्रभावित सुकमा, बीजापुर एवं नारायणपुर जिलों में निर्माण कार्यों की पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु जिला निर्माण समिति के गठन की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री साय ने स्पष्ट कहा है कि भ्रष्टाचार को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जनता के पैसे से चलने वाले कार्यों में गुणवत्ता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इसी तारतम्य में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जिला निर्माण समिति के गठन के सम्बन्ध में आदेश जारी किया गया है। यह समिति निर्माण कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन, निगरानी और मूल्यांकन के लिए गठित की गई है। समिति के अध्यक्ष जिला कलेक्टर रहेंगे। जिले के पुलिस अधीक्षक, सीईओ जिला पंचायत, डीएफओ, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री, जिला कोषालय अधिकारी एवं संबंधित कार्य के जिला प्रमुख अधिकारी समिति के सदस्य रहेंगे।

### जिला निर्माण समिति का कार्य क्षेत्र संपूर्ण राजस्व जिला होगा

कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति वर्तमान नियमों के तहत् सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी की जाएगी। जिला निर्माण समिति के माध्यम से किए जाने वाले कार्यों का निर्धारण जिला कलेक्टर द्वारा किया जायेगा। जिन कार्यों को 3 बार ऑनलाईन निविदा आमंत्रित करने के बाद भी, इच्छुक ठेकेदार उपलब्ध नहीं होने के कारण पूरा कराया जाना संभव न हो, ऐसे अत्यावश्यक तथा अपरिहार्य निर्माण कार्यों को जिला निर्माण समिति के माध्यम से कराया जायेगा। जिले के जो ब्लॉक गहन रूप से नक्सल प्रभावित नहीं है उनमें जिला निर्माण समिति के माध्यम से यथासंभव कार्य नहीं कराया जाने के निर्देश हैं।

## संसद में आज 12 बजे पेश होगा वक्फ संशोधन बिल, आठ घंटे चलेगी चर्चा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वक्फ संशोधन बिल 2 अप्रैल को लोकसभा में प्रश्नकाल के बाद दोपहर 12 बजे पेश होगा। इस पर 8 घंटे चर्चा होगी और बाद में इसे सदन में पास किया जाएगा। बीजेपी ने अपने सभी सांसदों को सदन में मौजूद रहने के लिए व्हिप जारी किया है।



विपक्ष ने बिल पर 12 घंटे चर्चा करने की मांग की, जिस पर संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि समय बढ़ाया जा सकता है। मूल बिल में वक्फ बोर्ड की संरचना और कार्यप्रणाली में बदलाव की बात की जा रही है, जिसमें गैर-मुसलमानों की एंट्री और महिलाओं के लिए अधिक हिस्सेदारी का प्रस्ताव है। साथ ही, सरकार वक्फ संपत्तियों पर अधिक नियंत्रण और पारदर्शिता लाने के लिए कई बदलावों का प्रस्ताव कर रही है। विपक्षी दलों ने इसे सरकार की तुष्टिकरण की नीति बताया, जबकि बीजेपी इसे मुसलमानों के सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया कदम मान रही है। वक्फ संशोधन बिल से संबंधित कई बयानों ने राजनीतिक हलकों में गर्मागर्मी बढ़ा दी है, और इसे लेकर देशभर में बहस छिड़ गई है।

## अमेरिकी टैरिफ घोषणा से पहले उथल-पुथल

# शेयर बाजार में साल की सबसे बड़ी गिरावट सेंसेक्स 1390 तो निफ्टी 353 अंक गिरा

**मुंबई, एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार में वित्तीय वर्ष 2025-26 की 2020 के बाद सबसे खराब शुरुआत हुई। ईद की छुट्टी के बाद मंगलवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1,390.41 अंक या 1.80 प्रतिशत गिरकर 76,024.51 पर बंद हुआ। इसके 28 घटक शेयरों में गिरावट रही और केवल दो बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। दिन के कारोबार के दौरान एक समय पर सेंसेक्स सूचकांक 1,502.74 अंक या 1.94 प्रतिशत गिरकर 75,912.18 पर पहुंच गया। दूसरी ओर, निफ्टी 351.15 (1.49 प्रतिशत) अंक लुढ़ककर 23,168.20 के स्तर पर पहुंच गया। बाजार में यह एक महीने के दौरान एक दिन में दर्ज की गई सबसे बड़ी गिरावट थी।



जानकारों के अनुसार कल होने वाली अमेरिकी पारस्परिक टैरिफ घोषणा से पहले वैश्विक अस्थिरता के बीच, बाजार में भारी बिकवाली दिखी। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिकी बाजार में अनिश्चितता के कारण आईटी क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित हुआ। इसके अलावे महाराष्ट्र सरकार की ओर से रेडी रेकनर दरों में वृद्धि के बाद रियल एस्टेट शेयरों में भी गिरावट आई।

## फॉर्म हाउस में पकड़ाया काला कारोबार

# डोंगरगढ़ में 27 लाख की अवैध शराब पकड़ाई, कोचियों को होती थी सप्लाई

**विजय मत, ब्यूरो खैरागढ़।** डोंगरगढ़ ब्लाक में 27 लाख रुपए की अवैध शराब पकड़ाई है। ये शराब मध्यप्रदेश से लाई गई थी।



बताया जा रहा है कि मध्यप्रदेश की शराब बोतल में छत्तीसगढ़ आबकारी की सील और होलोग्राम लगाकर कोचियों को सप्लाई होती थी। जानकारी के मुताबिक, ये पूरा काम स्थानीय सोनू नेताम के एक फॉर्म हाउस में हो रहा था। रोहित उर्फ सोनू नेताम ने यहां पूरा सिस्टम खड़ा कर रखा था। फिलहाल आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। बता दें, करवारी-लतमर्रा मार्ग पर यह फार्म हाउस है। जहां 15×20 फीट के रूम में पूरा नकली शराब रैकेट का अड्डा बना था। इस रूम में नीचे तल घर में एक चेंबर भी बनाया गया है। यहां एमपी से लाई गई शराब का लेबल हटाकर छत्तीसगढ़ आबकारी का लेबल लगाया जाता था।

**आदतन अपराधी है फार्म का मालिक...** बताया जा रहा है कि, फार्म का मालिक आदतन अपराधी है।उसके ऊपर पहले से आबकारी के 8 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। फार्म हाउस में हाई-टेक सुरक्षा व्यवस्था थी। चारों तरफ सीसीटीवी कैमरे लगे थे। वाई-फाई की सुविधा भी थी। इससे किसी भी खतरे की सूचना मिलते ही आरोपी भाग सकता था।

**आरोपी की तलाश...** इस बारे में राजनांदगांव एसपी मोहित गर्ग ने बताया, 432 पेटी में 3880 लीटर शराब और छत्तीसगढ़ आबकारी के हॉलमार्क मिले हैं। 250 खाली बोतलें मिली हैं। इसके अलावा नकली होलोग्राम, सीलिंग रोल और ब्रांडेड शराब के स्टीकर भी मिले हैं। फार्म हाउस जाने का रास्ता कच्चा है। सूचना के बाद कार्रवाई की गई है। आबकारी विभाग भी विवेचना कर रहा है। मामले में आगे जांच जारी है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है।

## नक्सलवाद-मुक्त भारत की दिशा में एक बड़ा कदम, देश में अब केवल छह जिले नक्सलवाद से अति प्रभावित: शाह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि देश में नक्सलवाद से अति प्रभावित जिलों की संख्या घटकर सिर्फ 6 रह गई है जो नक्सलवाद-मुक्त भारत की दिशा में एक बड़ा कदम है। गृहमंत्री शाह ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार नक्सलवाद के प्रति कठोर रूख अपनाते हुए सर्वांगीण विकास के लिए अथक प्रयासों के साथ सशक्त, सुरक्षित और समृद्ध भारत का निर्माण कर रही है। उन्होंने कहा कि देश अगले वर्ष 31 मार्च तक नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के प्रति कटिबद्ध है। देश में नक्सलवाद से प्रभावित कुल ज़िलों की संख्या 38 थी, इसमें अति प्रभावित ज़िलों की संख्या 12 थी, जो घटकर 6 हो गई, 'चिंता का विषय वाले जिलों' की संख्या 9 थी, जो घटकर 6 हो गयी और नक्सल समस्या से प्रभावित अन्य जिलों की संख्या 17 थी जो घटकर 6 हो गई है। नक्सलवाद से कुल प्रभावित जिलों में से अति प्रभावित 12 जिले घटकर अब 6 रह गए हैं, जिनमें छत्तीसगढ़ के 4 ज़िले (बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा), झारखंड का एक (पश्चिमी सिंहभूम) और महाराष्ट्र का भी एक ज़िला (गढ़चिरोली) शामिल है। इसी प्रकार कुल 38 प्रभावित ज़िलों में से ' चिंता का विषय वाले जिलों' जहां अतिप्रभावित जिलों के अतिरिक्त संसाधनों को सघन रूप से मुहैया कराने की आवश्यकता है, की संख्या 9 से घटकर 6 रह गई है। ये 6 ज़िले हैं- आंध्र प्रदेश (अल्लूरी सीताराम राजू), मध्य प्रदेश (बालाघाट), ओडिशा (कालाहांडी, कंधमाल और मलकानगिरी) और तेलंगाना (भद्राद्रि-कोठागुडेम)।



# सेंदरी अस्पताल में मिलेंगी मॉडल हेल्थ केयर की सुविधाएं

## स्वास्थ्य संचालक के निर्देश से छत्तीसगढ़ के एकमात्र मेंटल हॉस्पिटल की बदलेगी तस्वीर

**विजय मत, ब्यूरो बिलासपुर**

बिलासपुर के सेंदरी स्थित मेंटल हॉस्पिटल को राज्य का मॉडल अस्पताल बनाया जाएगा। स्वास्थ्य सेवाओं की आयुक्त सह संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला ने मंगलवार को अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। वर्तमान में अस्पताल की स्थिति काफी खराब है। यहां न तो प्रवेश द्वार है और न ही कोई पहचान बोर्ड लगा है। यह प्रदेश का एकमात्र मेंटल हॉस्पिटल है, लेकिन यहां मानक सुविधाओं का अभाव है। इस बीच डॉ. शुक्ला ने अस्पताल के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर को प्रवेश द्वार बनाने, सूचना बोर्ड लगाने और भवन की रंगाई-पुताई के आदेश दिए। निरीक्षण में पाया गया कि अस्पताल में पर्याप्त नर्सिंग स्टाफ और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। लेकिन वार्ड के अनुसार उचित ड्यूटी रोस्टर नहीं है। डॉ. शुक्ला ने व्यवस्थित ड्यूटी रोस्टर बनाने के निर्देश दिए। साथ ही नर्सिंग छात्र-छात्राओं की तीन पालियों में ड्यूटी लगाने को कहा।



### पैरामीटर का पालन कराने आएगी एक विशेष टीम

अस्पताल को मॉडल चिकित्सालय बनाने के लिए क्वालिटी एश्योरेंस पैरामीटर का पालन कराने एक विशेष टीम आएगी। डॉ. शुक्ला ने स्टाफ को मरीजों के साथ संवेदनशील व्यवहार करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान राज्य कार्यक्र म अधिकारी डॉ. कमलेश जैन, संभागीय संयुक्त संचालक डॉ. सुरेश कुमार तिवारी, सीएमएचओ डॉ. प्रमोद तिवारी और अस्पताल अधीक्षक डॉ. प्रभु चौधरी भी मौजूद थे।

**विजय मत एंकर** केंद्र द्वारा टैक्स में छूट और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ब्याज दरों में कटौती जैसे कदमों से सुधरी जीडीपी

# 6.5% ग्रोथ के साथ भारत की अर्थव्यवस्था जी-20 देशों में सबसे तेज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रेटिंग एजेंसी मूडीज ने मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था 2024-25 में 6.5 फीसदी की दर से बढ़ेगी, जो जी-20 के विकसित और उभरते देशों में सबसे अधिक होगी। मूडीज के मुताबिक, टैक्स में छूट और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा ब्याज दरों में कटौती जैसे कदमों से इस ग्रोथ को बल मिलेगा। साथ ही, भारत विदेशी पूंजी आकर्षित करने और वैश्विक बाजार की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम रहेगा। मूडीज ने दो प्रमुख क्षेत्रों में भारत की सराहना की। पहला, भारत की मजबूत त्रष्क्षग्रोथ है, जो 6.5 फीसदी रहने का अनुमान है, जबकि पिछले साल यह 6.7 फीसदी रही थी। दूसरा, महंगाई पर नियंत्रण है, जो इस साल 4.5 फीसदी रहने का अनुमान है, जबकि पिछले साल यह 4.9 फीसदी थी। भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति के पीछे सरकार द्वारा दी गई आयकर स्लैब में छूट, आरबीआई द्वारा ब्याज दरों में की गई कटौती (फरवरी में 6.25 फीसदी) और विदेशी निवेशकों का बढ़ता विश्वास है। इसके साथ ही भारत का बाहरी कर्ज कम और विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत हो रहा है। मूडीज ने यह भी कहा कि अमेरिका की नीतियों से उभरते बाजारों में पूंजी का बहाव हो सकता है, लेकिन भारत और ब्राजील जैसे बड़े देशों के पास इससे बचने की ताकत है। मूडीज का मानना है कि भारत के घरेलू बाजार, स्थिर मौद्रिक नीति और मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक असंतुलन के बावजूद मजबूत रहेगी। अगर आरबीआई फिर से ब्याज दरें घटाती है और सरकार इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च बढ़ाती है, तो भारत 2025 तक दुनिया की शीर्ष-3 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो सकता है।




### 13.5% बढ़कर रिकॉर्ड 24.77 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचा यूपीआई ट्रांजेक्शन

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) आधारित ट्रांजेक्शन की संख्या में मार्च में मासिक आधार पर 13.59 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, और यह इस साल फरवरी के 16.11 अरब से बढ़कर मार्च में 18.3 अरब हो गई। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के मंगलवार को जारी आंकड़ों में यह बात सामने आई है। मार्च में यूपीआई-आधारित लेनदेन का मूल्य रिकॉर्ड 24.77 लाख करोड़ रुपये रहा, जो फरवरी के 21.96 लाख करोड़ रुपये से 12.79 प्रतिशत अधिक है। एनपीसीआई के आंकड़ों के अनुसार, दैनिक आधार पर यूपीआई ट्रांजेक्शन का औसत मूल्य 79,910 करोड़ रुपये और संख्या 59 करोड़ से अधिक रही, जो ₹ मशः 1.9 प्रतिशत और 2.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। सालाना आधार पर, मार्च में यूपीआई ट्रांजेक्शन मूल्य में 25 प्रतिशत की वृद्धि और संख्या में 36 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो देश की डिजिटल भुगतान क्रांति की अजेय गति को दर्शाता है।

# मेटा ने लागू की नई पॉलिसी: फेसबुक और इंस्टाग्राम चलाने के लिए देने होंगे रुपए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

फेसबुक और इंस्टाग्राम दुनिया भर में करोड़ों लोग इस्तेमाल करते हैं। दुनिया के दो बड़े सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म करोड़ो यूजर्स के लिए अब तक तो मुफ्त है, लेकिन अब ऐसा लगता है कि आप इन दोनों प्लेटफॉर्म्स को मुफ्त में इस्तेमाल करने का आनंद ज्यादा दिनों तक नहीं ले पाएंगे। इन प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल करने के लिए अब पैसे देने पड़ सकते हैं। जी हां, सोशल मीडिया दिग्गज मेटा अब ब्रिटेन में एक नए सब्सक्रिप्शन मॉडल पर विचार कर रही है, जिससे यूजर्स अपने फीड में बिना विज्ञापन के सोशल मीडिया का आनंद ले सकें। यह फैसला अचानक नहीं आया, बल्कि इसके पीछे एक कानूनी मामला है। दरअसल, ब्रिटेन में मेटा को एक यूजर को टार्गेटेड विज्ञापन न दिखाने पर सहमत होना पड़ा। यह मामला लंदन हाई कोर्ट तक पहुंचा था, लेकिन कंपनी ने मुकदमे से बचने के लिए इसे सुलझा लिया। इस केस की शुरुआत 2022 में तब हुई, जब मानवाधिकार कार्यकर्ता तान्या ओ कैरेल ने मेटा के खिलाफ 5 ट्रिलियन डॉलर का मुकदमा दायर किया।



### भारत में जल्द लागू हो सकती है पॉलिसी

फिलहाल भारत में फेसबुक और इंस्टाग्राम का इस्तेमाल मुफ्त है, लेकिन अगर यह मॉडल सफल होता है, तो हो सकता है कि मेटा इसे अन्य देशों में भी लागू करे। अगर ऐसा हुआ, तो यूजर्स को तय करना होगा कि वे विज्ञापन न देखना के लिए पैसे चुकाना पसंद करेंगे या विज्ञापन के साथ मुफ्त सर्विस का विकल्प चुनेंगे।

### उत्कल दिवस पर ओडिशा राज्य स्थापना की ऐतिहासिक प्रेरणा को किया नमन

# मुख्यमंत्री साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मधुसूदन दास की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

विजय मत रायपुर।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के महिला थाना चौक (मधुसूदन दास चौक) में उत्कल दिवस के अवसर पर महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बैरिस्टर मधुसूदन दास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें सादर नमन किया।मुख्यमंत्री साय ने ओडिशा राज्य स्थापना दिवस (उत्कल दिवस) पर प्रदेश सहित देशभर में रह रहे उत्कल समाज के सभी बंधुओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि यह दिवस केवल ओडिशा के गठन का उत्सव नहीं, बल्कि संघर्ष, आत्मगौरव और सांस्कृतिक एकता की प्रेरणा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में बड़ी संख्या में उत्कल समाज के लोग निवास करते हैं, जो प्रदेश की सामाजिक समरसता और विविधता को सशक्त बनाते हैं।



### बैरिस्टर मधुसूदन दास के योगदान को किया नमन

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बैरिस्टर मधुसूदन दास जैसे दूरदर्शी और समर्पित व्यक्तित्व के संघर्षों के कारण ही 1 अप्रैल 1936 को ओडिशा राज्य का गठन हुआ। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बीच सदियों से सांस्कृतिक और सामाजिक संबंध रहे हैं। उन्होंने बताया कि महाप्रभु श्री जगन्नाथ को चढने वाला भोग का चावल आज भी छत्तीसगढ़ से जाता है। विशेष रूप से देवभोग क्षेत्र का चावल, जो प्रभु के प्रसाद के रूप में उपयोग होता है, दोनों राज्यों के धार्मिक जुड़ाव का प्रतीक है।

### साय ने महाप्रभु जगन्नाथ से प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना

मुख्यमंत्री साय ने महाप्रभु श्री जगन्नाथ से छत्तीसगढ़वासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद हमेशा छत्तीसगढ़ पर बना रहेगा। इस अवसर पर विधायक श्री किरण देव, विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, विधायक श्री सुनील सोनी, महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति श्री सूर्यकांत राठौर, श्री संजय श्रीवास्तव, उत्कल समाज के सदस्य एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# कन्या छात्रावासों में सुरक्षा के मद्देनजर महिला होमगार्ड की तैनाती सुनिश्चित हो: आयुक्त एल्मा

### आश्रम-छात्रावासों में बिजली, पानी तथा शौचालय की व्यवस्था करने के निर्देश

विजय मत रायपुर।

आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विभाग के आयुक्त पी.एस. एल्मा ने कोण्डागांव जिले में संचालित आश्रम-छात्रावासों, संस्थाओं और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की स्थिति की समीक्षा की।

बैठक में आयुक्त श्री एल्मा ने एकलव्य विद्यालयों में बिजली, पानी सहित शौचालयों की स्थिति की अद्यतन जानकारी ली।

उन्होंने भवनविहीन आश्रम-छात्रावासों की स्थिति पर चर्चा करते हुए सभी संस्थानों में बरसात से पहले आवश्यक मरम्मत कार्य पूर्ण करने तथा शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।आयुक्त एल्मा ने कोण्डागांव जिले में संचालित आश्रम-छात्रावासों की स्थिति की समीक्षा की तथा आयुक्त एल्मा ने कहा कि आश्रम-छात्रावासों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य रूप से कराएं और हेल्थ कार्ड में इसका रिकॉर्ड संधारित हो। उन्होंने कन्या छात्रावासों में सुरक्षा को लेकर महिला होमगार्ड की तैनाती सुनिश्चित करने तथा पुरुष कर्मचारियों की नियुक्ति पर रोक लगाने के भी निर्देश दिए। जहां महिला नगर सैनिक उपलब्ध नहीं हैं, वहां रात्रिकालीन सुरक्षा के लिए महिला चैकीदार की व्यवस्था करने को कहा। बैठक में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक आयुक्त सुश्री निकिता मरकाम सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



## न्यूज ब्रीफ

### सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने सम्हाला जोन 2 पदेन अध्यक्ष का पदभार



रायपुर। नगर निगम के सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने मंगलवार को जोन 2 पदेन अध्यक्ष का पदभार सम्हाल लिया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती मीनल चौबे, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर सहित पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, छग राज्य सन्निर्माण कर्मकार मण्डल के पूर्व अध्यक्ष मोहन एंटी, एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा, महेन्द्र खोडियार, अवतार भारती बागल, एमआईसी सदस्यों, वार्ड पार्षदों, पूर्व पार्षद तिलक पटेल, सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा, जोन 2 जोन कमिश्नर डॉक्टर आर. के. डोंगरे, स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही, सहायक अभियंता स्वच्छ भारत मिशन योगेश कडु सहित विशिष्टजनों, गणमान्यजनों के साथ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।सभी ने अध्यक्ष का पदभार सम्हालने पर राठौर को बुके प्रदत्त कर हार्दिक बधाई और शुभकामनायें दीं। सभापति और जोन 2 पदेन अध्यक्ष सूर्यकान्त राठौड़ ने जोन अंतर्गत कार्यरत 50 सफाई मित्रों और स्वच्छता दीदियों को श्रीफल, शाल और स्मृतिचिन्ह प्रदत्त कर उनका सम्मान करते हुए अभिनंदन किया।

### गुरू माँ का शुभाशीष लेकर गिदवानी ने सम्हाला पदभार



रायपुर। नगर निगम मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) में नवनियुक्त भारसाधक सदस्य अमर गिदवानी ने निगम मुख्यालय के प्रथम तल पर प्रशासनिक कार्य हेतु आबंटित कक्ष क्रमांक 219 में गुरू माँ का शुभाशीष प्राप्त कर अपना पदभार सम्हाल लिया।इस अवसर पर महापौर श्रीमती मीनल चौबे सहित एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा, पूर्व विधायक कुलदीप सिंह जुनेजा, पूर्व सभापति प्रफुल्ल विश्वकर्मा, रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, नवनिर्वाचित वार्ड पार्षदगणों, पूर्व पार्षद प्रेम बिरनानी, विशिष्टजनों, गणमान्यजनों, आमजनों, महिलाओं, नवयुवकों, नगर निगम अधिकारियों, कर्मचारियों ने अमर गिदवानी को पदभार सम्हालने पर बुके प्रदत्त कर हार्दिक बधाई और शुभकामनायें दीं।

### झपट्टा मारकर मोबाइल चोरी, 2 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। झपट्टा मारकर मोबाइल चुराने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार किए गए है। रामायण साहू ने थाना खम्हारडीह में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह ग्राम बेल्हा थाना पलारी जिला बलौदा बाजार छ0ग0 का निवासी है तथा बांए पैर से विकलांग है। प्रार्थी का पुत्र व्हीआईपी क्लब किड्स एकेडमी शंकर नगर रायपुर के पास निर्माणधीन मकान में काम करता है एवं वहीं लेबर रूम में रहता है। प्रार्थी भी कुछ दिनों से अपने पुत्र के साथ लेबर रूम में रहता है। दिनांक 28.03.2025 को प्रार्थी का पुत्र सुबह काम करने दूसरे साईड कचना गया हुआ था तथा प्रार्थी घर पर था, कि दोपहर करीबन 01:00 बजे वह घर के बाहर बैठा था, उसी समय स्कूटी में सवार दो अज्ञात व्यक्ति प्रार्थी के पास आये और पता पूछ रहे थे उसके द्वारा मुझे कोई जानकारी नहीं हैं बोल ही रहा था उसी समय वाहन में सवार एक व्यक्ति प्रार्थी के हाथ में रखें ओप्पो कम्पनी का मोबाईल फोन कीमती 5000/- रुपए को झपट्टा मारकर लेकर स्कूटी से भाग गये, कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना खम्हारडीह में अपराध क्रमांक 73/25 धारा 304(2), 3(5) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा खम्हारडीह पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया।

# न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन एवं परिवर्तनशील महंगाई भत्ते की दरें जारी

### 01 अप्रैल 2025 से 30 सितंबर 2025 तक न्यूनतम वेतन की दरें निर्धारित

विजय मत रायपुर।

श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ शासन द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 के अंतर्गत 45 अनुसूचित नियोजनों, कृषि नियोजन एवं अगरबत्ती नियोजन में कार्यरत श्रमिकों के लिये महंगाई भत्ते का निर्धारण लेबर ब्यूरो शिमला द्वारा जारी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर वर्ष में दो बार (01 अप्रैल एवं 01 अक्टूबर) किया जाता है।

श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ शासन सुश्री अलरमेल मंगई डी. द्वारा विभिन्न अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिकों के लिये 01 अप्रैल 2025 से परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता निर्धारित की गई है। लेबर ब्यूरों शिमला से प्राप्त औद्योगिक सूचकांक में जुलाई 2024 से दिसम्बर 2024 के मध्य 11.40 बिन्दु की औसत वृद्धि हुई तदनुसार प्रति बिन्दु 20 रुपए के मान से 45 अनुसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिकों के परिवर्तनशील महंगाई भत्ता में प्रतिमाह 228 रुपए की वृद्धि की गई।

| क्र | श्रमिकों का वर्ग | जोन का नाम | कुल वेतन रूपये में | |
|---|---|---|---|---|
| | | | प्रतिमाह | प्रतिदिन |
| 1 | अकुशल | अ | 11176.00 | 430 |
| | | ब | 10916.00 | 420 |
| | | स | 10656.00 | 410 |
| 2 | अर्द्धकुशल | अ | 11826.00 | 455 |
| | | ब | 11566.00 | 445 |
| | | स | 11306.00 | 435 |
| 3 | कुशल | अ | 12606.00 | 485 |
| | | ब | 12346.00 | 475 |
| | | स | 12086.00 | 465 |
| 4 | उच्च कुशल | अ | 13386.00 | 515 |
| | | ब | 13126.00 | 505 |
| | | स | 12866.00 | 495 |

कृषि नियोजन में कार्यरत श्रमिकों हेतु लेबर व्यूरो शिमला से प्राप्त सूचकांक में 43 बिन्दु की औसत वृद्धि होने से 5 रुपए प्रति बिन्दु के मान से 215 रुपए प्रतिमाह परिवर्तशील महंगाई भत्ते में वृद्धि की गई। अगरबत्ती उद्योग में नियोजित श्रमिकों हेतु उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में औसत वृद्धि के आधार पर परिवर्तनशील महंगाई भत्ते 7.88 रुपए प्रति हजार अगरबत्ती निर्माण में निर्धारित की गई। उक्त परिवर्तनशील महंगाई भत्ता में वृद्धि उपरांत अधिसूचित नियोजनों में कार्यरत श्रमिकों को 01 अप्रैल 2025 से 30 सितंबर 2025 तक न्यूनतम वेतन की दरें निम्नानुसार देय होगी। की दरें निम्नानुसार है -अनुसूचित सामान्य नियोजन के लिए निर्धारित न्यूनतम वेतन उक्त प्रभावशील न्यूनतम वेतन की दरें छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग की वेबसाईट पर भी उपलब्ध है तथा इससे संबंधित पुस्तिका श्रमायुक्त कार्यालय, इन्द्रावती भवन, खण्ड-तीन, द्वितीय-तल, नवा रायपुर, अटल नगर से भी प्राप्त की जा सकती है।

# वृहत औद्योगिक क्षेत्र उरला में जल्द स्थापित किया अग्निशमन केन्द्र

विजय मत रायपुर।

छग प्रदेश गठन के 25 वर्ष पश्चात भी सबसे पुराने एवं वृहत औद्योगिक क्षेत्र उरला में औद्योगिक इकाईयों की आग से सुरक्षा हेतु कोई साधन नही है। कुछ बडी इकाईयों में अग्निशमन वाहन उपलबध है, लेकिन उनके भरोसे पुरे औद्योगिक क्षेत्रों को छोडना उचित नही है। आग लगने की स्थिति में सिलतरा औद्योगिक क्षेत्र या रायपुर से अग्निशमन वाहन के आने व कार्य प्रारंभ करने में न्यूनतम 1 से 2 घंटे का समय लगता है और इतने समय में कोई भी अनहोनी घटित हो सकती है। उरला औद्योगिक क्षेत्र के चारो ओर बीरगांव एवं उरला की करीब 1.5 लाख की सघन अबादी क्षेत्र होने के कारण आग की कोई भी घटना होने पर यदि तत्कालिक नियंत्रण नही किया जाये तो यह भयावह रुप ले सकती है। पिछले दिनों उरला औद्योगिक क्षेत्र में स्थित ईकाई भीमसरिया डोर्स में आग लगने की वजह से करोड़ो रुपये का नुकसान का अनुमान है।प्राथमिक आवश्यक्ता की इस सुविधा को केवल उद्योगों के भरोसे न छोडकर शासन द्वारा इस दिशा में सार्थक कदम उठानें की नितांत आवश्यकता है। अनुरोध करते है कि अग्निशमन केन्द्र की स्थापना के पूर्व अभी वर्तमान में अस्थायी रुप से उरला औद्योगिक क्षेत्र में दमकल वाहन की व्यवस्था शासन द्वारा की जाए।

### उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ने शासन से की मांग



#### विगत 15 वर्षो से शासन से मांग की जा रही

अभी वर्तमान में गर्मी की शुरूआत हो रही है, आगे आने वाले समय में आग लगने की स्थिति पर सघन आबादी होने के कारण स्थिति गंभीर रुप धारण कर सकती है। उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के द्वारा विगत 15 वर्षो से उरला आद्योगिक क्षेत्र में अग्निशमन केन्द्र की स्थापना के लिए शासन से मांग की जा रही है। उरला औद्योगिक क्षेत्र में शासन द्वारा भूमि भी चयनित की जा चूकी है किन्ही कारणों से अग्निशमन केन्द्र की स्थापना में विलंब हो रहा है।

# होटल शुभ पैलेस में पुलिस की दबिश, 11 जुआरियों से 65 हजार जब्त

रायपुर। राजधानी में जुआ-सट्टा के खिलाफ चलाए जा रहे लगातार अभियान के दौरान एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत गुरूनानक चौक पास स्थित होटल शुभ पैलेस के एक कमरे में कुछ व्यक्ति ताशपत्ती से रूपयों का हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा होटल शुभ पैलेस के कमरा नंबर 209 में रेड कार्यवाही किया गया। रेड कार्यवाही के दौरान कमरे में जुआ खेलते 11 जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नगदी रकम 65,200/- रुपए एवं 14 नग मोबाईल फोन जुमला कीमती लगभग 3,54,200 रुपए जप्त कर जुआरियों के विरूद्ध थाना गंज में अपराध क्रमांक 89/25 धारा छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 5 का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही करने के साथ ही आरोपियों के विरूद्ध पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत भी कार्यवाही किया गया।गिरफ्तार जुआरियों में :-1. पुलकित शर्मा पिता चन्द्रहास शर्मा उम्र 38 वर्ष निवासी कपूर होटल चौक श्याम नगर थाना तेलीबांधा रायपुर। 2. पंकज अग्रवाल पिता श्याम सुंदर अग्रवाल उम्र 35 वर्ष निवासी केपिटल सिटी फेस 2 मकान नंबर I-3 थाना विधानसभा रायपुर। 3. शिव कुमार देवांगन पिता प्यारेलाल देवांगन उम्र 33 वर्ष निवासी कुशालपुर विनोबा भावे नगर थाना पुरानी बस्ती रायपुर। 4. प्रदीप बनर्जी पिता अमर नाथ बनर्जी उम्र 36 वर्ष निवासी सरस्वती नगर पंडरी थाना पंडरी रायपुर। 5. देव नारायण मिश्रा पिता नंदनी प्रसाद मिश्रा उम्र 36 वर्ष निवासी।-17, वसुंधरा नगर रायपुर थाना डी.डी. नगर रायपुर।




# रेत के अवैध खनन पर लगाए जाए कड़ाई से रोक, कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

### कलेक्टर ने ली रेडक्रॉस सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक

विजय मत रायपुर

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने रेडक्रॉस सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने कहा कि जिले में रेत के अवैध खनन में कडाई से रोक लगाए। जितने रेत के खदान स्वीकृत है उनसे ही रेत के परिवहन होने चाहिए इसके अलावा अन्य खदान में परिवहन होने पर एसडीएम, खनिज विभाग कड़ी कार्रवाई के साथ एफआईआर भी करें। जो स्वीकृत खदान है, उनकी रायल्टी पर्ची चेक करे तथा बिना इसके किसी भी हाल में परिवहन न हो। ऐसा करते पाये जाने पर तत्काल कार्रवाई की जाए। अवैध शराब के प्रकरणों-शिकायत पर भी तत्काल एक्शन लें। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि किसानो का पंजीयन कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि हिट एंड प्रकरण जितने शेष है उसे संज्ञान में लेते हुए सभी एसडीएम थाने से जानकारी लेकर पूर्ण करें। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार सभी शासकीय कार्यालय ई-ऑफिस के दायरे में आना है, इसके लिए शेष कार्यालय प्रकिया पूर्ण कर लेंगे। जल जीवन मिशन के तहत लंबित कार्य को पूर्ण करें और हितग्राहियों के घर तक पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने लंबित राजस्व प्रकरणों के लिए राजस्व शिविर लगाकर प्रकरणों के जल्द समाधान करने निर्देशित किया। साथ ही स्कूलीं बच्चों के जाति प्रमाण पत्र जल्द बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह तथा जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### जन सुरक्षा और विकास योजनाओं पर हुई विस्तृत चर्चा

# कृषि मंत्री नेताम ने ली डीएमएफ, दिशा एवं सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

विजय मत रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन के कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा कि सुगम यातायात के लिए जिले के मुख्य मार्गों में ब्लॉक स्पॉट का चिन्हांकन करने तथा खराब हुए सड़कों को ठीक करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जहां सड़कें ज्यादा खराब हो गई हैं उसे जल्द से जल्द मरम्मत कराना सुनिश्चित करें, जिससे की आमजनों को आवागमन में परेशानी न हो।

नेताम ने राष्ट्रीय राजमार्ग-343 के संबंध में चर्चा करते हुए निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये।

साथ ही सड़क निर्माण के लिए हो रहे पेड़ कटाई के कार्य में अधिक मानव संसाधन लगाकर जल्द पूरा करने को कहा। उन्होंने सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए सीट बेल्ट, हेलमेट अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश भी दिये। कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम के मुख्य आतिथ्य में आज संयुक्त जिला कार्यालय बलरामपुर-रामानुजगंज के सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत शासी परिषद के जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा), सड़क सुरक्षा समिति की आयोजित बैठक सम्पन्न हुई।जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समितिः केंद्रीय योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के दिये निर्देश-जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में मंत्री रामविचार नेताम ने केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए योजनाओं की प्रगति पर बिंदुवार चर्चा की। उन्होंने योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। बैठक में मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) सहित अन्य प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की।सांसद श्री चिंतामणि महाराज ने अपने संबोधन में स्थानीय बोली के प्रोत्साहन पर जोर देते हुए कहा कि अधिकारी बैठक में इन क्षेत्रीय बोली का प्रयोग करें। उन्होंने योजनाओं का सही तरीके से प्रचार-प्रसार कर गांव में रहने वालों आमजनों तक लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य करने के भी निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर आमजनों को शासन की योजनाओं का लाभ देने को कहा। श्री महाराज ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय से बेहतर कार्य करते हुए जनप्रतिनिधियों को क्षेत्र के विकास कार्यों की जानकारी उपलब्ध कराएं।

इस दौरान सरगुजा सासंद श्री चिंतामणि महाराज, विधायक सामरी श्रीमती उद्देश्वरी पैंकरा, विधायक प्रतापपुर श्रीमती शकुंतला पोर्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हीरामुनी निकुंज, कलेक्टर राजेंद्र कटारा, पुलिस अधीक्षक बैंकर वैभव रमनलाल, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



#### खनिज न्यास संस्थान के निमार्ण कार्यों की प्रगति ली जानकारी

जिला खनिज न्यास संस्थान अंतर्गत निमार्ण कार्यों की समीक्षा करते हुए मंत्री श्री रामविचार नेताम ने इस वित्तीय वर्ष हेतु कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने पिछले वर्ष के स्वीकृत कार्यों में पूर्ण हुए कार्यों की इसकी जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा ने जिला खनिज संस्थान न्यास और दिशा समिति से जुड़ी जानकारी के साथ वित्तीय वर्ष 2024-25 के महत्वपूर्ण कार्य एवं आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के कार्ययोजना के अनुमोदन तथा गतिविधियों की जानकारी दी।जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर ने जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत डीएमएफ अंतर्गत प्राप्ति एवं व्यय की राशि की जानकारी, डीएमएफ के कार्यों सहित महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में जानकारी प्रदान की। साथ ही बताया कि क्षेत्र अंतर्गत पेयजल आपूर्ति, पर्यवारण संरक्षण, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला व बाल विकास, कौशल विकास व आजीविका, स्वच्छता, कृषि, पशुपालन के क्षेत्र में प्राथमिकता से कार्य कराया जाएगा।

## न्यूज इन शॉर्ट

### 3 लाख के गांजे के साथ दो गिरफ्तार

महासमुंद। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स थाना सिंघोड़ा की टीम ने गांजे की तस्करी करते 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से 3 लाख रुपए का 20 किलो गांजा जब्त किया गया है। 30 मार्च को पुलिस को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एलएल 3851 से गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे हैं। सूचना पर एनएच -53 पर रेहटीखोल में नाकाबंदी की गई कुछ समय बाद स्कूटी में सवार होकर दो लोग आए। पूछताछ में इन लोगों ने अपना नाम रावणभांठा काली मंदिर के पास भाठापारा रायपुर थाना टिकरापारा रायपुर निवासी धर्मेंद्र उर्फ सोनू सोनकर (32), संवरापारा वार्ड 5 बरगढ़ (ओडिशा) निवासी प्रमोद भोई (40) बताए। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर बोरी में 20 किलो गांजा होना बताए। आरोपियों के कब्जे से गांजा व स्कूटी जब्त कर थाना सिंघोड़ा में धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत ज्यूडिशियल रिमांड में भेजा गया।

### नवरात्र पर खरोरा में ज्योति प्रज्जवलित

महासमुंद। ग्राम खरोरा में रविवार को चैत्र नवरात्रि पर ज्योति प्रज्जवलित कर जवारा बोया गया। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि चैत्र नवरात्रि में जवारा बोने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। मान्यता है कि बिना जंवारा के माता आदिशक्ति दुर्गा की पूजा अधूरी मानी जाती है। धर्म के मान्यताओं के अनुसार जवारा के बोने से उगने और उसके रंग से कई तरह के संकेत मिलते हैं, जंवारा खुशहाली का प्रतीक होता है। चैत्र नवरात्रि पर्व पर माता रानी की सेवा भजन करते हैं। माता रानी की सेवा में भक्तगण जुटे हुए हैं। इसमें भूषण धीवर, रामानंद, अश्वनी, अंरुणा, सरस्वती, कविता, मोक्षा, सागर, पोखन, सुखिया, पायल आदि शामिल हैं।

### चालक से मारपीट, जुर्म दर्ज

महासमुंद। मारपीट के मामले में कोमाखान पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को खैरटखुर्द निवासी कुलेश्वर साहू ने बताया कि वह अपने दादा बाबूलाल के साथ रहता है और ड्राइवरी करता है। 28 मार्च को तिजउ राम साहू के घर खाना खाने गया था। वहां पर संजय साहू के पिता पूरन साहू के साथ खाने को लेकर वाद विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर 29 मार्च की रात करीब 10 बजे पूरन साहू का बेटा संजय साहू अपने साथियों के साथ बाइक में उसके घर के सामने आया और कॉल कर पिकअप वाहन लेकर रायपुर जाने के लिए बुलाया और कहा कि मैंने तुम्हारे मालिक से बात कर ली है। मना किया तो संजय ने गाली गलौच कर अपने साथियों के साथ मारपीट की । मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### मारपीट ,जान से मारने की धमकी

महासमुंद। तुमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम जोबा में पत्थर हटाने को लेकर हुए विवाद में मां और बेटे ने एक व्यक्ति से मारपीट कर दी। ग्राम जोबा के राजेंद्र ने पुलिस को बताया कि 30 मार्च की सुबह 8.30 बजे उसने अपने घर के सामने रखे पत्थर को हटाने के लिए गांव के दद्दू ध्रुवंशी से कहा, लेकिन दद्दू ध्रुवंशी एवं उसकी मां तारणी ने पत्थर नहीं हटाएंगे कहकर गाली देते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### दंतैल की दस्तक से क्षेत्र में दहशत

महासमुंद। महासमुंद वन क्षेत्र में सप्ताह भर से दंतैल विचरण कर रहा है। जिससे क्षेत्र के लोग दहशत में हैं। सोमवार को वन मंडल महासमुंद के वन परिक्षेत्र में 1 दंतैल के खेतों में घूमने की जानकारी मिली। डेहराराम यादव ,अनुज कुमार ने बताया कि हाथी 30-31 मार्च की रात छताल के खेत से निकल कर छताल से अमलोर मार्ग में चला गया। बाद वन विकास निगम के कक्ष क्रमांक 179, 175, 181 के जंगल में प्रवेश किया। हाथी वर्तमान में कक्ष क्रमांक 175, 181 के जंगल में विचरण कर रहा है। हाथी के कक्ष क्रमांक 174, 173 में आगे बढ़ने की संभावना है, जिससे ग्राम बोरिद, अमलोर, चुहरी, पासिद, छताल, मरौद, रायकेरा, सुकुलबाय और नांदबारु के आस-पास के ग्रामीणों के लिए हाई अलर्ट जारी कर सतर्क किया गया है। वन विभाग ने हाथी दिखने पर लोगों से सूचना देने की अपील की है।

### सोने-चांदी के जेवर समेत 97 हजार रुपए की चोरी

महासमुंद। सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम बहेरापाली में एक व्यक्ति के घर से 29 मार्च की रात अज्ञात ने सोना, चांदी के जेवरात सहित कुल 97 हजार रुपए की चोरी कर ली। घर के सदस्य अन्य कमरों में सोए हुए थे।शिकायत के बाद पुलिस अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच में जुटी है।

---

एनकाउंटर और सरेंडर के अलावा नई नक्सल पॉलिसी के साथ सुरक्षाबलों को भी और हाईटेक करने की तैयारी

# नक्सलवाद के खात्मे की उल्टी गिनती शुरू, नक्सल मोर्चे पर अब अहम बदलाव होंगे, नई पॉलिसी प्रभावी होगी

- केंद्र सरकार 31 मार्च 2026 तक देश और प्रदेश से नक्सलवाद के खात्मे कर कर चुकी है दावा

विजय मत जगदलपुर।



केंद्र और राज्य सरकार का वादा है कि 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद प्रदेश से खत्म कर देंगे। यानी अब 365 दिनों का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। एनकाउंटर और सरेंडर के अलावा नई नक्सल पॉलिसी के साथ सुरक्षाबलों को भी और हाईटेक करने की तैयारी है। नक्सल मोर्चे के लिए छत्तीसगढ़ सरकार टैंक जैसा व्हीकल खरीदने वाली है। प्रदेश में एंटी नक्सल ऑपरेशन में फोर्स को मजबूत करने व्हील्ड आर्म्ड प्लेटफॉर्म व्हीकल सरकार खरीदेगी। ताजा बजट सत्र में प्रदेश के गृह विभाग को इसका बजट मिला है। प्रदेश गृहमंत्री विजय शर्मा की ओर से दी गई जानकारी में कहा गया कि, नक्सल विरोधी अभियानों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए 14 करोड़ की लागत से एक विशेष डब्लूएचएपी वाहन खरीदा जाएगा। इसके अलावा प्रदेश में पुलिस अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए 518 करोड़ की राशि आवंटित की गई है। इससे पुलिस थानों, प्रशिक्षण केंद्रों, प्रशासनिक भवनों और पुलिस आवासों के निर्माण और डेवलपमेंट के काम होंगे। पुलिस आवासीय सुविधा को बेहतर बनाने के लिए 200 करोड़ का इस फाइनेंशियल ईयर में खर्च करेगी सरकार। जिससे पुलिस कॉलोनियों का निर्माण और मरम्मत कार्य किया जाएगा। पुलिस कर्मियों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 75 करोड़ रुपए खर्च होंगे इसमें पुलिस अस्पतालों का डेवलपमेंट और विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति शामिल है।

### बस्तर फाइटर्स के पदों पर भर्ती की जाएगी

बस्तर के सातों जिलों में नक्सल विरोधी बल बस्तर फाइटर्स के लिए 3202 नए पदों को क्रिएट किया जाएगा। भर्ती होगी। नक्सल इंटेलिजेंस को और मजबूत करने के लिए नए भवन और मशीनों की खरीदी में लगभग 2.74 करोड़ रुपये खर्च होंगे। 14 करोड़ का एक डब्लूएचएपी वाहन खरीदा जाएगा। पुलिस फोर्स में एके 47 गन को अपग्रेड करने, कम्यूनिकेशन मशीनें खरीदने, बुलेटप्रूफ जैकेट और फोर्स को ड्रोन से लैस करने के लिए 350 करोड़ खर्च किए जाएंगे।

### 5 को दंतेवाड़ा आएंगे अमित शाह

देश के गृहमंत्री अमित शाह 4 अप्रैल को रायपुर आएंगे। 5 को वे बस्तर के दंतेवाड़ा जा सकते हैं। वे यहां बस्तर पंडुम के समापन में शामिल होंगे। साथ ही नक्सल ऑपरेशन को लेकर बैठक में शामिल हो सकते हैं। चर्चा है कि, प्रदेश की सरकार अपनी एंटी नक्सल पॉलिसी भी अमित शाह को बताएगी।

### अब तक 243 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण

साल 2023 से जनवरी 2025 तक 49 रोड एरिया में 243 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण और 11 पुलों का निर्माण किया गया है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 577 नए मोबाइल टॉवर लगाए गए हैं। दूरदराज के गांवों में पहली बार बिजली पहुंची है। गांवों में मोबाइल कनेक्टिविटी और बिजली पहुंचने से हालात बदले हैं। ग्रामीणों का सरकार के प्रति विश्वास तेजी से बढा है।

### गांव को सरकार देगी 1 करोड़

गृहमंत्री विजय शर्मा पहले ही कह चुके हैं कि छत्तीसगढ़ में नक्सल मुक्त होने वाली पंचायतों को सरकार 1 करोड़ देगी। इस राशि का उपयोग उन पंचायतों में आने वाले गांवों के विकास के लिए किया जाएगा। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को 10 हजार रुपए की सहायता राशि और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर दिया जाएगा। इसके साथ ही सरेंडर करने वालों को डबल सहायता राशि दी जाएगी। शहीद जवानों के परिवारों की सुनवाई हर दूसरे बुधवार को पळ रेंज में होगी। वीर बलिदान योजना के तहत शहीदों की मूर्तियां लगाई जाएंगी। इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।

---

# कलेक्टर ने टीएल बैठक में राशनकार्ड में नए नाम जोड़ने व अन्य योजनाओं से सेचुरेशन करने के दिए निर्देश

## समय-सीमा की बैठक में विभागीय कामकाज की समीक्षा की

विजय मत जगदलपुर।



कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र प्रदाय हेतु राज्य शासन के द्वारा जारी सरलीकृत प्रक्रिया का अनुपालन करें। भूमिहीन परिवार के सदस्यों को ग्रामसभा के प्रस्ताव अथवा सम्बन्धित परिवार के किसी सदस्य को प्रदत्त जाति प्रमाण पत्र के आनुषांगिक दस्तावेजों के आधार पर जाति प्रमाण पत्र प्रदाय किया जाए। जिले के अन्तर्गत राशनकार्ड में परिवारों के नए सदस्यों का नाम जोड़ने की कार्यवाही शुरू करें, जिससे सम्बन्धित सदस्यों को मनरेगा जाबकार्ड, आधार कार्ड, जनधन खाता और अन्य व्यक्तिमूलक योजनाओं से सेचुरेशन किया जा सके। कलेक्टर हरिस मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक में उक्त निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग की प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना, गणवेश प्रदाय एवं पाठ्य पुस्तक प्रदाय सर्वे सूची को आगामी 20 अप्रैल तक अद्यतन किए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में समय-सीमा के प्रकरणों पर चर्चा के दौरान जिला खनिज न्यास निधि के मद से एजेंसीवार स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर निर्माण कार्यों सहित अन्य कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न पेंशन योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए हर महीने पात्र होने वाले हितग्राहियों का सर्वेक्षण कर चिन्हित किए जाने के निर्देश दिए और प्रत्येक ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकाय में आगामी 06 माह के लिए उक्त कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने कहा। उन्होंने बैठक में जन शिकायत और पीजी पोर्टल में दर्ज प्रकरणों का समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए । कलेक्टर ने नियद नेल्लानार के सर्वे सूची में नॉट एलिजिबल, एलिजिबल नॉट बेनिफिटेड, लंबित सर्वे की समीक्षा करते हुए आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र बनाने के लक्ष्य के आधार पर सभी विकासखंड और तहसीलवार पोर्टल में एंट्री करवाते हुए पात्र हितग्राहियों का प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए।

# पंचायत सचिवों की हड़ताल, ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं से वंचित



**भानुप्रतापपुर** । पंचायत सचिव शासकीयकरण की मांग को लेकर विगत 17 मार्च से हड़ताल कर रहे है। मांग पूरी नही होने कि स्थिति में मंगलवार को मंत्रालय घेराव करने की चेतावनी दी गई थी, लेकिन मंत्रालय घेराव कार्यक्रम को संशोधित कर जनपद पंचायत कार्यालय के सामने धरने पर बैठे है। लम्बे समय से पंचायत सचिव के हड़ताल में रहने से पंचायत के समस्त कार्य प्रभावित हो रही है। वही ग्रामीणों को मिलने वाली सुविधाओं से भी वंचित हो रहे है। ब्लाक पंचायत सचिव संघ के अध्यक्ष कृष्णा कावड़े एवं सचिव रघुवर साहू ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि 2 अप्रैल 2025 से सभी ब्लॉक मुख्यालय में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। 7 अप्रैल 2025 को जिला मुख्यालय में रैली ज्ञापन 8 अप्रैल को ब्लॉक मुख्यालय में नगाड़ा बजाकर विरोध प्रदर्शन, 9अप्रैल को ब्लॉक मुख्यालय धरना स्थल पर सद्बुद्धि हेतु रामायण 10 अपैल को महावीर जयंती हड़ताल स्थल में मानना, 11अप्रैल से क्रमिक भूख हड़ताल, 12 अप्रैल हनुमान जयंती पर हनुमान चालीसा पाठ, 13 अप्रैल को क्रमिक भूख हड़ताल जारी रहेगा, 14 अप्रैल को डॉ भीमराव अंबेडकर जयन्ती हड़ताल स्थल पर, 15 अप्रैल को क्रमिक हड़ताल के साथ सद्बुद्धि यज्ञ, 16 अप्रैल अनिश्चितकालीन हड़ताल में लगातार क्रमिक भूख हड़ताल, 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस एवं दिल्ली रवाना एवं 30 अप्रेल को जंतर मंतर दिल्ली में हड़ताल इस प्रकार से रूपरेखा में प्रस्ताव पारित किया गया है।मीडिया प्रभारी अनिल पटेल ने बताया कि विधानसभा चूनाव वर्ष 2023-24 में मोदी की गांरटी में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा किया है।

# 7 माले से फेंकने वाला आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

विजय मत भिलाई नगर



भानु ठाकुर ने शिकायत की 30 03.2025 को शाम के इसे सुचना मिला कि इसका भाई धनेश्वर ठाकुर 18 साल जिला अस्पताल दुर्ग में घायल अवस्था में तब यह जिला अस्पताल दुर्ग गयी तो इसका भाई धनेश्वर ठाकुर ने इसे बताया कि 30.03.2025 को तुषार दास मानिकपुरी अपनी बहन के साथ इसके भाई के बारे शंका कर बातचीत करना है कहकर साकेत कालोनी दुर्ग कातुलबोर्ड एवं निमार्णाधीन प्लैट मे ले गया तथा चाकू दिखाकर उसके साथ हाथ मुक्का से मारपीठ किया तथा हत्या करने के नीयत से 07 माला से नीचे फेंक दिया । जिस पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । आहत वर्तमान मे ईलाज हेतु अस्पताल मे भर्ती है। जहा ईलाज जारी है। प्रकरण के आरोपी तुषार दास मानिकपुरी पिता रूपेश दास मानिकपुरी 20 साल साकिन कैलाश नगर दुर्ग का पता तलाश कर मिलने से घटना के संबंध में पूछताछ किया गया जो दिनांक घटना समय सदर को जुर्म करना स्वीकार किये । प्रकरण में आरोपी के विरूद्ध अपराध सबूत सिद्ध पाये जाने से विधिवत गिरफतार कर न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमाण्ड प्राप्त किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मोहन नगर निरीक्षक शिव प्रसाद चन्द्रा, सहायक उप निरीक्षक राजेन्द्र देशमुख एवं स्टाफ की विशेष भूमिका रही। क्र अपराध क्र. धारा नाम आरोपी1 124/2025 धारा- 109(1) बी0 एन0 एस0 2023 तुषार दास मानिकपुरी पिता रूपेश दास मानिकपुर 20 साल साकिन कैलाश नगर दुर्ग।

# पत्नी के हत्यारे कोबरा जवान को 6 साल बाद आजीवन कारावास

जगदलपुर। हत्या के मामले में 6 साल बाद आरोपी कोबरा जवान को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। बताया जाता है कि मामले में लगातार सुनवाई जारी थी, जिसके बाद विद्वान तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश संघरत्ना भतपहरी ने मामले पर फैसला सुनाया है। बताया जाता है कि बीते 16-17 मार्च 2019 को करनपुर में स्थित कोबरा कैंप के आवास में जवान गुरूवीर सिंह अपनी पत्नी के साथ था। इस बीच दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया और गुरूवीर सिंह ने अपनी पत्नी अनुप्रिया गौतम की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद अपने अफसरों को अज्ञात कारणों से पत्नी की मौत की जानकारी आरोपी जवान ने दी। इस मामले में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और बीते 6 सालों से वह केंद्रीय जेल में बंद है।

न्यायाधीश ने आरोपी जवान को हत्या के मामले में आजीवन कारावास व 1 हजार रूपए के जुमार्ने से दंडित किया है।

# मवेशी बाजार ठेका कराने के बजाए पंचायत चला रहा!

- एक साल बाद भी पंचायत प्रतिनिधियों ने नहीं कराई नीलामी, जिम्मेदार अफसरों ने भी साध ली चुप्पी
- ठेका न होने से पंचायत को हुआ आर्थिक नुकसान

विजय मत महासमुंद।



पंचायतों में पंच परमेश्वर को ग्रामीण जनता गांव के विकास के लिए चुनती है। पर महासमुंद मुख्यालय से लगे ग्राम बरोंडाबाजार के निर्वाचित पंच परमेश्वर गांव की जगह स्वंय के विकास करने में जुटे हैं ऐसा प्रतीत हो रहा हैं। दरअसल, गांव में प्रत्येक बुधवार को लगने वाले साप्ताहिक मवेशी बाजार का पिछले एक वर्ष से अधिक समय बीतने के बाद भी ठेका किए बिना ही बाजार का संचालन पंचायत द्वारा किया जा रहा है, इससे पंचायत को आर्थिक नुकसान हो रहा है। जबकि पूर्व से पंचायत द्वारा बाजार का संचालन ठेके पर देकर किया जा रहा है। इसकी वजह भी यह थी कि बाजार को लेकर किसी तरह का विवाद न हो और पंचायत को इसके एवज में एक बड़ा राजस्व भी प्राप्त हो सके, और ऐसा हुआ भी। ठेकेदार ने पंचायत से बाजार को ठेके पर लेने के लिए करीब 10 लाख 55 हजार रुपए की बोली पर लिया। इसके बाद जब दुबारा ठेके का समय आया तो ठेका न कराकर पंचायत प्रतिनिधियो ने इसे पंचायत द्वारा संचालित करने का निर्णय लिया। सूत्रों के मुताबिक पिछले एक वर्ष पंचायत के पंच परमेश्वर और यहां पदस्थ सचिव ठेका न कराकर स्वंय बाजार का संचालन कर रहे है। जिससे पंचायत का नाममात्र ही राशि प्राप्त हो रही है और पंचायत प्रतिनिधि इससे अधिक मुनाफा कमा रहें होंगे। ठेका बंद होने के बाद पंचायत के कोष में सालभर में जो राजस्व ठेके से मिला था उसका 50 फीसदी भी आ गया होगा तो यह बड़ी बात है। जबकि सालभर में ही पंचायत को 11 लाख रुपए का राजस्व मिल गया था।

### वसूली अधिक रसीद कम !

बाजार में आए किसानों ने बताया कि प्रत्येक जानवर का जैसे बछड़े का 250 रुपए, बैल का 350 रुपए एवं भैंस का 350 रूपए लिया जाता है, और इसकी रसीद उन्हें नहीं दी जाती, रसीद मांगने पर 50 या 100 रुपये की ही रसीद दी जाती है।

पंचायत द्वारा निर्धारित शुल्क के अनुसार प्रत्येक जानवर की खरीदी राशि का एक प्रतिशत ही वसूल कर उतने की ही रसीद देना निर्धारित है। जबकि बिना रसीद के वसूली इससे अधिक हो रही है। बताया कि विक्रेता किसानों की बाजार में एंट्री पर दो सौ रुपये लिया जाता है। जिसकी रसीद नहीं दी जाती।

### ठेके की जल्द होगी प्रकिया

*बरोंडा बाजार के मवेशी बाजार मामले में जल्द ही संज्ञान लेकर इसके ठेके की प्रकिया जल्द ही प्रारंभ कराई जाएगी।*

***बीएस मंडावी-***
***सीईओ जनपद पंचायत महासमुंद***

### क्या कहते है पंचायत के जिम्मेदार

बाजार का संचालन पंचायत द्वारा किया जाएगा इसका निर्णय पूर्व में गाँव की बैठक में लिया गया था। तब से गांव द्वारा संचालित किया जा रहा है। पूर्व ठेकेदार का पंचायत पर करीब 2 लाख रुपए बकाया है। नया ठेका क्यों नहीं हुआ इसके बार मे मैं कुछ नहीं कह सकता, मेरा कार्यालय समाप्त हो चुका है।

**छन्नू ध्रुव-**
**पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत बरोंडा बाजार***

आपको अगर कारण जानना है तो आप सीधे गांव में आईए। मैं कोई भी जानकारी या इस पर अपना पक्ष फोन पर नहीं बता सकती हूं।

**योगिता बंजारे-**
**सचिव ग्राम पंचायत बरोंडा बाजार**

मेरे कार्यालय को मुश्किल से दो माह ही हुआ है। नया ठेका नहीं होने की वजह सचिवों के हड़ताल पर जाना है।

**लेखराज साहू**
**सरपंच ग्राम पंचायत बरोंडा बाजार**

# फैक्ट्री के अंदर कुएं में मिली सुरक्षा गार्ड की लाश

भिलाई नगर ।

जामुल थाना क्षेत्र के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र स्थित ऊषा रबर फैक्ट्री में सुरक्षा गार्ड का काम करने वाले शख्स की कुएं में गिरने से मौत हो गई। सोमवार शाम को वह नाइट ड्यूटी पर फैक्ट्री गया था और सुबह समय पर घर नहीं पहुंचा तो खोजबीन शुरू की गई। इस दौरान पता चला कि उसकी फैक्ट्री के अंदर लाश कुएं में है।

इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई और क्रेन के सहारे शव को बाहर निकाला गया। मौके पर पहुंची जामुल पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार घटना 31 मार्च व 1 अप्रैल की दरम्यानी रात की है।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# कृषि क्षेत्र में करवट बदलता भारत

**प्रहलाद सबनानी**

भारत में लगभग 60 प्रतिशत आबादी आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है और अपनी आजीविका के लिए कृषि क्षेत्र पर निर्भर है। जबकि, कृषि क्षेत्र का भारत के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान केवल 18 प्रतिशत के आस पास बना हुआ है। इस प्रकार, भारत में यदि गरीबी को जड़ मूल से नष्ट करना है तो कृषि के क्षेत्र में आर्थिक सुधार कार्यक्रमों को लागू करना ही होगा। भारत ने हालांकि आर्थिक क्षेत्र में पर्याप्त सफलताएं अर्जित की हैं और भारत आज विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है तथा शीघ्र ही अमेरिका एवं चीन के बाद विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। साथ ही, भारत आज विश्व में सबसे अधिक तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था भी बन गया है। परंतु, इसके आगे की राह अब कठिन है, क्योंकि केवल सेवा क्षेत्र एवं उद्योग क्षेत्र के बल पर और अधिक तेज गति से आगे नहीं बढ़ा जा सकता है और कृषि क्षेत्र में आर्थिक विकास की दर को बढ़ाना होगा।



भारत में हालांकि कृषि क्षेत्र में कई सुधार कार्यक्रम लागू किए गए हैं और भारत आज कृषि के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन गया है। परंतु, अभी भी बहुत कुछ किए जाने की आवश्यकता है। किसानों के पास पूंजी का अभाव रहता था और वे बहुत ऊंची ब्याज दरों पर महाजनों से ऋण लेते थे और उनके जाल में जीवन भर के लिए फंस जाते थे, परंतु, आज इस समस्या को बहुत बड़ी हद्द तक हल किया जा सका है और किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसान को आसान नियमों के अंतर्गत बैकों से पर्याप्त ऋण की सुविधा उपलब्ध है और इस सुविधा का लाभ आज देश के करोड़ों किसान उठा रहे हैं। दूसरे, इसी संदर्भ में किसान सम्मान निधि योजना भी किसानों के लिए बहुत लाभकारी सिद्ध हो रही है और इस योजना का लाभ भी करोड़ों किसानों को मिल रहा है। इससे किसानों की कृषि सम्बंधी बुनियादी समस्याओं को दूर करने के सफलता मिली है। जिससे यह किसान किसी तरह अपना और परिवार का भरण पोषण कर पा रहे हैं इनके लिए कृषि लाभ का माध्यम नहीं रह गया है। इन तरह की समस्याओं के हल हेतु अब केंद्र सरकार विभिन्न उत्पादों के लिए प्रतिवर्ष न्यूनतम समर्थन मूल्य में, मुद्रा स्फीति को ध्यान में रखकर, वृद्धि करती रहती है, इससे किसानों को अत्यधिक लाभ हो रहा है। भंडारण सुविधाओं (गोदामों एवं कोल्ड स्टोरेज का निर्माण) में पर्याप्त वृद्धि दर्ज हुई है एवं साथ ही परिवहन सुविधाओं में सुधार के चलते किसान कृषि उत्पादों को लाभ की दर पर बेचने में सफल हो रहे है अन्यथा इन सुविधाओं में कमी के चलते किसान अपने कृषि उत्पादों को बाजार में बहुत सस्ते दामों पर बेचने पर मजबूर हुआ करता था। खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना भारी मात्रा में की जा रही है इससे कृषि क्षेत्र में मूल्य संवर्धन को बढ़ावा मिल रहा है एवं कृषि उत्पादों की बर्बादी को रोकने में सफलता मिल रही है। आज भारत में उच्च गुणवत्ता वाले बीजों के उपयोग पर ध्यान दिया जा रहा है ताकि उर्वरकों के उपयोग की आवश्यकता कम हो एवं कृषि उत्पादकता बढ़े। इस संदर्भ में मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना भी किसानों की मदद कर रही है इससे किसान कृषि भूमि पर मिट्टी के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर कृषि उत्पाद कर रहे हैं। राष्ट्रीय कृषि बाजार को स्थापित किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि किसान सीधे ही उपभोक्ता को उचित दामों पर अपनी फसल को बेच सके। साथ ही, कृषि फसल बीमा के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि देश में सूखे, अधिक वर्षा, चक्रवात, अतिवृष्टि, अग्नि आदि जैसी प्रकृतिक आपदाओं के चलते प्रभावित हुई फसल के नुक्सान से किसानों को बचाया जा सके। आज करोड़ों की संख्या में किसान फसल बीमा योजना का लाभ उठा रहे हैं। देश में खेती किसानी का काम पूरे वर्ष भर तो रहता नहीं है अतः किसानों के लिए अतिरिक्त आय के साधन निर्मित करने के उद्देश्य से डेयरी, पशुपालन, मधु मक्खी पालन, पोल्ट्री, मत्स्य पालन आदि कृषि सहायक क्षेत्रों पर भी ध्यान दिया जा रहा है, ताकि किसानों को अतिरिक्त आय की सुविधा मिल सके। विश्व के विभिन्न देशों ने अपनी आर्थिक प्रगति के प्रारम्भिक चरण में कृषि क्षेत्र का ही सहारा लिया है। औद्योगिक क्रांति तो बहुत बाद में आती है इसके पूर्व कृषि क्षेत्र को विकसित अवस्था में पहुंचाना होता है। भारत में भी आज कृषि क्षेत्र, देश की अर्थव्यवस्था का आधार है, जो न केवल खाद्य सुरक्षा प्रदान करता है बल्कि करोड़ों नागरिकों के लिए रोजगार के अवसर भी निर्मित करता है। साथ ही, औद्योगिक इकाईयों के लिए कच्चा माल भी उपलब्ध कराता है। वैश्विक स्तर पर कृषि क्षेत्र की महत्ता आगे आने वाले समय में भी इसी प्रकार बनी रहेगी क्योंकि इस क्षेत्र से पूरी दुनिया के नागरिकों के लिए भोजन, उद्योग के लिए कच्चा माल एवं रोजगार के अवसर कृषि क्षेत्र से ही निकलते रहेंगे। हां, कृषि क्षेत्र में आज हो रही प्रौद्योगिकी में प्रगति के चलते किसानों को कम भूमि पर, मशीनों का उपयोग करते हुए, कम पानी की आवश्यकता के साथ भी अधिक उत्पादन करना सम्भव हो रहा है। इससे उत्पादन क्षमता में वृद्धि के साथ कृषि उत्पाद की लागत कम हो रही है और किसानों के लिए खेती एक उद्योग के रूप में पनपता हुआ दिखाई दे रहा है और अब यह लाभ का व्यवसाय बनता हुआ दिखाई देने लगा है। केला, आम, अमरूद, पपीता, नींबू जैसे कई ताजे फलों एवं चना, भिंडी जैसी सब्जियों, मिर्च, अदरक जैसे प्रमुख मसालों, जूट जैसी रेशेदार फसलों, बाजरा एवं अरंडी के बीज जैसे प्रमुख खाद्य पदार्थों एवं दूध के उत्पादन में भारत पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर आ गया है। दुनिया के प्रमुख खाद्य पदार्थों यथा गेहूं एवं चावल का भारत विश्व में दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है। भारत वर्तमान में कई सूखे मेवे, कृषि आधारित कपड़े, कच्चे माल, जड़ और कांड फसलों, दालों, मछली पालन, अंडे, नारियल, गन्ना एवं कई सब्जियों का पूरे विश्व में सबसे बड़ा उत्पादक है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारत 80 प्रतिशत से अधिक कृषि उपज फसलों (काफी एवं कपास जैसी नकदी फसलों सहित) के साथ दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा उत्पादक देश बन गया था।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार**

> भारतीय कृषि आज भी मानसून पर निर्भर है। देश के ग्रामीण इलाकों में सिंचाई सुविधाओं का अभाव है। इस समस्या को हल करने के उद्देश्य से भारत सरकार प्रति बूंद अधिक फसल की रणनीति पर काम कर रही है एवं सूक्ष्म सिंचाई पर बल दिया जा रहा है ताकि कृषि के क्षेत्र में पानी के उपयोग को कम किया जा सके तथा जल संरक्षण के साथ सिंचाई की लागत भी कम हो सके। देश में कृषि जोत हेतु पर्याप्त भूमि का अभाव है और देश में सीमांत एवं छोटे किसानों की संख्या करोड़ों की संख्या में हो गई है।

# भगवान बनने की कोशिश कर रहे हैं ट्रंप

दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बने डोनाल्ड ट्रंप कुछ ही महीनो के कार्यकाल में ही सबसे ज्यादा चर्चित और विवादित राष्ट्रपति के रूप में अपनी पहचान बना रहे हैं। राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के पहले उन्होंने, जिस तरह से दुनिया के सभी देशों को टैरिफ को लेकर धमकाना शुरू कर दिया था। यूरोपीयन एवं नाटो देशों को टैरिफ एवं सुरक्षा समझौतों को लेकर जिस तरह के अनाप-शनाप बयान और धमकी दी है। उससे अमेरिका के यूरोपीय देशों के साथ-साथ सारी दुनिया के देशों में एक नई अफरा तफरी मची हुई है। सारी दुनिया के देशों में आर्थिक मंदी के साथ-साथ टैरिफ युद्ध को लेकर नया तनाव देखने को मिल रहा है। ट्रम्प के सलाहकार एलन मस्क उनसे एक कदम आगे चल रहे हैं। अमेरिका में लाखों लोगों को नौकरी से निकाल दिया गया है। अप्रवासी नीति को लेकर अमेरिका के राज्यों के साथ ट्रम्प के मतभेद उभर कर सामने आ रहे हैं। इसी बीच उन्होंने लेंगिक पहचान और महिला अधिकारों पर एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा औरत वह होती है, जो बच्चा पैदा कर सकती है। ट्रांसजेंडर को लेकर पहले भी उनके आपत्तिजनक बयान आए थे। अब उन्होंने सीधे-सीधे उन महिलाओं को महिला मानने से इनकार कर दिया है। जो मां बनने में सक्षम नहीं है। ट्रंप प्रशासन ने हाल ही के निर्णयों में महिलाओं पर कई तरह के प्रतिबंध लगाए हैं। न्यू जर्सी के एक कार्यक्रम में महिला पत्रकार द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा जो महिला बच्चा पैदा नहीं कर सकती है। जो महिला पुरुषों से ज्यादा स्मार्ट है। जो पुरुषों की सफलता में बाधा बनती है। इस तरह के विवादित बयान देकर डोनाल्ड ट्रंप ने अपने आप को ईश्वर के समकक्ष अपने आपको खड़ा करने का प्रयास करे रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह भी कह दिया है, वह 2029 में तीसरी बार राष्ट्रपति बनने की तैयारी कर रहे हैं।

**नोट**

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# वैश्विक स्तरपर भारतीय संस्कृति के विविध रंगों और आध्यात्मिक शक्ति ने आकर्षित किया है

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं**

भारत हज़ारों वर्षों से संस्कृति, साहित्य, कला और संगीत के विविध रंगों और आध्यात्मिक शक्ति से भरपूर एक अणखुट खज़ाने का धनी रहा है जिसे विश्व के हर देश ने बड़ी जिज्ञासा के साथ महसूस किया है और यह जानने की कोशिश की है कि आखिर कोई देश इस अलौकिक सृष्टि में इतना कुदरती खज़ाने से भरपूर कैसे हो सकता है साथियों बात अगर हम इस वैश्विक सोच की करें तो हमारी जीत इस सोच के साथ ही हो जाती है कि हमारे देश के बारे में विश्व इतना सकारात्मक और जिज्ञासा से भरी बौद्धिक क्षमता से देख वह सोच रहा है। फिर सोने पर सुहागा है कि आज जिस तेजी के साथ हमारा देश प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, परिवहन, शिक्षा, कौशलता विकास, नवाचार, नवोन्मेष सहित अनेक क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है और वैश्विक स्तरपर उपलब्धियों की झड़ी लगा रहा है उसे देखकर पूर्ण विकसित देश भी हैरान हैं साथियों बात अगर हम वर्तमान में भारतीय संस्कृति, कला, साहित्य, संगीत को प्रोत्साहन देने और शासकीय स्तरपर लोगों को आगे आने की अपील करने की करें तो हम रोज़ प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में देखते सुनते पढ़ते हैं कि माननीय उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री सहित अनेक बुद्धिजीवियों कला प्रेमियों द्वारा अपने अनेक संबोधनों में भारतीय कला, संस्कृति, साहित्य, भाषा, मातृभाषाओं को प्रोत्साहन देने और विलुप्तता से बचाने पर जोर दिया है हमारी भारतीय सभ्यता, परंपराओं, संस्कृति के विविध रंगों को सुरक्षित और कायम रखने के लिए उत्साहवर्धक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है जो काबिले तारीफ है। साथियों बात अगर हम इस डिजिटल इंडिया में भारतीय संस्कृति, सभ्यता, परंपराओं के विभिन्न रंगों के संरक्षण और सुरक्षा की करें तो इसके हर रंग को जो मानवीय हस्तकला से संजोयित हैं, उन्हें इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से संरक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि सदियों तक हमारी अगली पीढ़ी भी इसके महत्व का मूल्यांकन कर सके और जब तक यह सृष्टि रहे तब तक हमारी भारतीय संस्कृति, कला, साहित्य, संगीत सुरक्षित रहे जो हमारा अनमोल खज़ाना और धरोहर है उसे हम यूं विलुप्त होने नहीं देंगे यह सोच आज हर भारतीय नागरिक के हृदय में समाना अत्यंत ज़रूरी है, खास करके हमारे युवा साथियों को इस परंपरा को आगे संरक्षित करना है क्योंकि आज भारत की 65 फ़ीसदी जनसंख्या युवा है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

# शक्ति पूजा का पर्व है नवरात्रि

**रमेश सर्राफ धमोरा**

नवरात्रि देवी दुर्गा के नौ अवतारों या स्वरूपों की पूजा करने का प्रसिद्ध त्योहार है। जिसे शक्ति या देवी के रूप में भी जाना जाता है। यह त्योहार एक बार वसंत ऋतु के दौरान चैत्र नवरात्रि और शरद ऋतु के दौरान शरद नवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। शरद नवरात्रि अश्विन के महीने के दौरान मनाई जाती है जो आमतौर पर सितंबर या अक्टूबर में आती है। वहीं चैत्र नवरात्रि हिन्दू कैलेंडर के चैत्र महीने के दौरान मनाई जाती है। चैत्र नवरात्रि आमतोर पर मार्च या अप्रैल महीने में मनाई जाती है। नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ होता है नौ रातें। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान शक्ति- देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। दसवां दिन दशहरा के नाम से प्रसिद्ध है।

नवरात्रि वर्ष में चार बार आता है। चैत्र, आषाढ़, अश्विन, पौष प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों महालक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा के नौ स्वरुपों की पूजा होती है जिन्हें नवदुर्गा कहते हैं। दुर्गा का मतलब जीवन के दुख को हटानेवाली होता है। नवरात्रि एक महत्वपूर्ण प्रमुख त्योहार है जिसे पूरे भारत में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। नवरात्रि का त्यौहार असत्य पर सत्य की जीत को दर्शाता है। हिन्दू मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि साल में दो बार मनाया जाता है। हिंदी महीनो के मुताबिक पहला नवरात्रि चैत्र महीने में मनाया जाता है और दूसरी बार अश्विन महीने में मनाया जाता है। नवरात्रि नौ दिनों तक निरंतर चलता है जिसमे देवी माँ के अलग अलग स्वरूपों की लोग भक्ति और निष्ठा के साथ पूजा करते है। भारत में नवरात्रि अलग अलग राज्यों में विभिन्न तरीको और विधियों के संग मनाई जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन्हीं नौ दिनों में मां दुर्गा धरती पर आती है। उनके आने की खुशी में इन दिनों को दुर्गा उत्सव के तौर पर देशभर में धूमधाम से मनाया जाता हैं।



नवरात्रि से हमें अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई के जीत की सीख मिलती हैं। यह हमें बताती है की इंसान अपने अंदर की मूलभूत अच्छाइयों से नकारात्मकता पर विजय प्राप्ती और स्वयं के अलौकिक स्वरूप से साक्षात्कार कैसे कर सकता है। भारतीय जन-जीवन में धर्म की महत्ता अपरम्पार है। यह भारत की गंगा-जमुना तहजीब का ही नतीजा है कि सब धर्मों को मानने वाले लोग अपने-अपने धर्म को मानते हुए इस देश में भाईचारे की भावना के साथ सदियों से एक साथ रहते चले आ रहे हैं। यही कारण है की पूरे विश्व में भारत की धर्म व संस्कृति सर्वोतम मानी गयी है। विभिन्न धर्मों के साथ जुड़े कई पर्व भी है जिसे भारत के कोने कोने में श्रध्दा, भक्ति और धूमधाम से मनाया जाता है। उन्ही में से एक है नवरात्रि।

नवरात्रि के पहले दिन बालिकाओं की पूजा की जाती है। दूसरे दिन युवती की पूजा की जाती है। तीसरे दिन जो महिला परिपक्वता के चरण में पहुंच गयी है, उसकि पूजा की जाती है। नवरात्रि के चैथे, पांचवें और छठे दिन लक्ष्मी- समृद्धि और शांति की देवी की पूजा करने के लिए समर्पित है। आठवे दिन पर एक यज्ञ किया जाता है। नौवा दिन नवरात्रि समारोह का अंतिम दिन है। यह महानवमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन उन नौ जवान लड़कियों की पूजा होती है जो अभी तक यौवन की अवस्था तक नहीं पहुंची है। इन नौ लड़कियों को देवी दुर्गा के नौ रूपों का प्रतीक माना जाता है। लड़कियों का सम्मान तथा स्वागत करने के लिए उनके पैर धोए जाते हैं। पूजा के अंत में लड़कियों को उपहार के रूप में नए कपड़े, वस्तुयें, फल प्रदान किए जाते हैं।


शक्ति की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र प्रतिपदा से नवमी तक निश्चित नौ तिथि, नौ नक्षत्र, नौ शक्तियों की नवधा भक्ति के साथ सनातन काल से मनाया जा रहा है। आदिशक्ति के हर रूप की नवरात्र के नौ दिनों में क्रमशरू अलग-अलग पूजा की जाती है। मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली हैं। इनका वाहन सिंह है और कमल पुष्प पर ही आसीन होती हैं। नवरात्रि के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है।

इस पर्व से जुड़ी एक कथा अनुसार देवी दुर्गा ने एक भैंस रूपी असुर अर्थात महिषासुर का वध किया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार महिषासुर के एकाग्र ध्यान से बाध्य होकर देवताओं ने उसे अजय होने का वरदान दे दिया। उसको वरदान देने के बाद देवताओं को चिंता हुई कि वह अब अपनी शक्ति का गलत प्रयोग करेगा। महिषासुर ने अपने साम्राज्य का विस्तार स्वर्ग के द्वार तक कर दिया और उसके इस कृत्य को देख देवता विस्मय की स्थिति में आ गए। महिषासुर ने सूर्य, इन्द्र, अग्नि, वायु, चन्द्रमा, यम, वरुण और अन्य देवताओं के सभी अधिकार छीन लिए और स्वयं स्वर्गलोक का मालिक बन बैठा। देवताओं को महिषासुर के प्रकोप से पृथ्वी पर विचरण करना पड़ रहा था तब महिषासुर के इस दुस्साहस से क्रोधित होकर देवताओं ने देवी दुर्गा की रचना की। ऐसा माना जाता है कि देवी दुर्गा के निर्माण में सारे देवताओं का एक समान बल लगाया गया था। महिषासुर का नाश करने के लिए सभी देवताओं ने अपने अपने अस्त्र देवी दुर्गा को दिए थे और कहा जाता है कि इन देवताओं के सम्मिलित प्रयास से देवी दुर्गा और बलवान हो गईं थी। इन नौ दिन देवी-महिषासुर संग्राम हुआ और अन्ततरू महिषासुर-वध कर महिषासुर मर्दिनी कहलायीं। नवदुर्गा और दस महाविद्याओं में काली ही प्रथम प्रमुख हैं। भगवान शिव की शक्तियों में उग्र और सौम्य, दो रूपों में अनेक रूप धारण करने वाली दशमहाविद्या अनंत सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। दसवें स्थान पर कमला वैष्णवी शक्ति हैं, जो प्राकृतिक संपत्तियों की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी हैं। देवता, मानव, दानव सभी इनकी कृपा के बिना पंगु हैं, इसलिए आगम-निगम दोनों में इनकी उपासना समान रूप से वर्णित है। सभी देवता, राक्षस, मनुष्य, गंधर्व इनकी कृपा-प्रसाद के लिए लालायित रहते हैं। वसन्त की शुरुआत और शरद ऋतु की शुरुआत, जलवायु और सूरज के प्रभावों का महत्वपूर्ण संगम माना जाता है। इन दो समय मां दुर्गा की पूजा के लिए पवित्र अवसर माने जाते है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार**

> आराधना की जाती है। ये नौ दिन वर्ष के सर्वाधिक पवित्र दिवस माने गए हैं। इन नो दिनों का भारतीय धर्म एवं दर्शन में ऐतिहासिक महत्व है और इन्हीं दिनों में बहुत सी दिव्य घटनाओं के घटने की जानकारी हिन्दू पौराणिक ग्रन्थों में मिलती है। माता के इन नौ रूपों को नवदुर्गा के नाम से भी जाना जाता है जो इस प्रकार हैं -शैलपुत्री, ब्रह्माचारिणी, चन्द्रघन्टा, कूष्माण्डा, स्कन्द माता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी और सिध्दिदात्री।

## शब्द पहेली - 8324



**बाएँ से दाएँ**

1. साले की पत्नी-4
3. उच्च कुल का -3
5. पाताल-4
8. व्यंग, चुटीली बात-2
10. दुख, कष्ट-2
11. शराब का प्याला-2
13. सत्य, तेज-2
14. जुड़वा-3
15. विश्राम, राहत-3
17. मक्का-मदीना की यात्रा-2
19. झुका हुआ-2
20. टैक्स, हाथ-2
21. होठ, अधर-2
23. सुरक्षित-4
25. नाश, विनाश, विध्वंस-3
26. निश्चित -4

**ऊपर से नीचे**

1. नदी-3
2. संपत्ति, धन-2
3. वंश, खानदान-2
4. उत्तमता, परिष्कृतता-4
6. समुद्र, दरिया-3
7. अंधकार-2
9. जो जायज न हो-4
12. संस्कृत में 'मेरा'-2
13. सपाट- 4
16. जांघ-2
17. पैगंबर, महापुरुष-4
18. रनिवास (उर्दू-3)
20. हुनर, फन-2
22. देह, काया-3
23. गलत का विलोम -2
24. निश्चित-2


**शब्द पहेली - 8323 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फि | त | र | त | | स | ला | म | त |
| रं | | त | ल | ब | गा | र | | मी |
| गी | ला | | | द | | | ह | ज |
| | ल | | क | न | क | | म | |
| ध | कि | या | ना | | या | या | व | र |
| | ता | | त | म | स | | त | |
| ऐ | ब | | | ना | | | न | न |
| न | | ख | ल | ना | य | क | | क |
| क | र | त | ब | | म | ल | म | ल |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**2 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**बुधवार** 2025 वर्ष का 92 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** पंचमी 23.50 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** कृत्तिका 08.50 बजे को समाप्त।
**योग** प्रीति 06.07 बजे तदनन्तर आयुष्मान 02.50 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** बव 13.08 बजे तदनन्तर बालव 23.50 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 03.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर $04^{\circ} 56'$
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872302
**जूलियन दिन** 2460767.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** सव्वाल **तारीख** 03
**विशेष** लक्ष्मी पंचमी।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.31 बजे से |
| चंद्र | वृष में | वृष | 08.11 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | मिथुन | 10.09 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 12.23 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 14.39 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 16.51 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 19.01 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 21.16 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 23.32 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 01.37 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | कुंभ | 03.24 बजे से |
| बजे तक | | मीन | 04.56 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## न्यूज इन शॉर्ट

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ओडिशा के स्थापना दिवस पर दी बधाई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ओडिशा राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर नागरिकों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'एक्स' पर कहा कि मुख्यमंत्री मोहन माझी के नेतृत्व में ओडिशा की पुण्यधरा पल्लवित एवं प्रगति के पथ पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाप्रभु जगन्नाथ जी से देशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि और संपन्नता के लिए मंगलकामना की है।

### सामाजिक न्याय में अनुदान आंवटन प्रक्रिया को बनाया गया पूर्ण पारदर्शी

**भोपाल।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग से संबंधी सभी शासकीय और मान्यता प्राप्त अशासकीय संस्थाएँ वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुदान प्रदान करने की प्रक्रिया को पूर्णतः पारदर्शी बनाया गया है। अब संस्थाएँ ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन कर सकेंगे। प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने कहा कि विभाग द्वारा शासकीय और अशासकीय मान्यता प्राप्त संस्थाओं, जिला दिव्यांगजन पुनर्वास केन्द्र को अनुदान के आवेदन की प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया है। यह संस्थाएँ विभागीय पोर्टल पर अपनी संस्था की सम्पूर्ण जानकारी सहित मांग पत्र जिला कार्यालय को प्रेषित करेंगी। जिला कार्यालयों द्वारा स्वीकृति और अस्वीकृति पोर्टल पर दर्ज करनी होगी। जिला स्तर पर आवंटन की अनुपलब्धता की स्थिति में अनुशंसा सहित मांग पत्र संचालनालय को प्रेषित किया जाएगा। संस्थाओं को प्रति माह किए गये व्यय की जानकारी भी विभागीय पोर्टल पर दर्ज करानी होगी।

### एमएसएमई में निवेश और टर्न ओवर की सीमा ढ़ाई गुना हुई

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुरूप अब सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम इकाइयों का निवेश और टर्न ओवर (कारोबार) का दायरा बढ़ाकर ढ़ाई गुना कर दिया गया है। राज्य शासन ने एक अप्रैल 2025 से नए नियम प्रभावी कर दिए हैं। एमएसएमई मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने कहा है कि इस नए बदलाव से मध्यप्रदेश में नवीन उद्योग धंधों का विकास होगा और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम की दक्षता में वृद्धि, तकनीकी उन्नयन और बेहतर वित्तीय पहुंच हो सकेगी। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा जारी की गई अधिसूचना अनुसार 1 अप्रैल 2025 से सूक्ष्म उद्यम के निवेश की सीमा एक करोड़ से बढ़ा कर 2 करोड़ 50 लाख और कारोबार की सीमा बढ़ाकर 10 करोड़ रूपये की गई है। पूर्व में निवेश की सीमा एक करोड़ तथा टर्न ओवर (कारोबार) की सीमा 5 करोड़ रूपये थी। इसी तरह लघु उद्यम श्रेणी में निवेश की सीमा 10 करोड़ से बढ़ाकर 25 करोड़ और करोबार की सीमा को 50 करोड़ से बढ़ाकर 100 करोड़ कर दिया गया है। मध्यम उद्यमों में निवेश की सीमा अब 125 करोड़ होगी तथा टर्न ओवर 500 करोड़ का होगा। पहले यह सीमा निवेश के लिये 50 और कारोबार के लिये 250 करोड़ नियत थी। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार ने भी 21 मार्च 2025 को तत्संबंध में अधिसूचना जारी की है।

### दैवेभो कर्मचारियों की नई वेतन दरे लागू, 275 रुपए प्रति माह बढ़ाया गया वेतन

**भोपाल।** मप्र के श्रम आयुक्त ने प्रदेश के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं श्रमिकों के लिए 1 अप्रैल से 31 सितंबर तक के लिए नई वेतन दरें घोषित कर दी हैं। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि श्रम आयुक्त ने प्रदेश के शासकीय एवं अदृशसाकीय विभागों में काम करने वाले दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं श्रमिकों के लिए 1 अप्रैल से अब अंकुशल श्रमिक का वेतन प्रतिमाह 12125 रु अर्ध कुशल श्रमिक का वेतन प्रतिमाह 13121रु कुशल श्रमिक का वेतन प्रतिमाह 14844 रु उच्च कुशल श्रमिक का वेतन प्रतिमाह 16469 रुपए निर्धारित किया है। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं श्रमिकों को उक्त वेतन के साथ-साथ रविवार का अवकाश भी मिलेगा। मप्र कर्मचारी मंच ने प्रदेश की दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं श्रमिकों के वेतन में 1 अप्रैल 2025 से प्रतिमाह 275 रुपए की वृद्धि करने को ऊंट के मुंह में जीरा के समान बताया है। श्रम आयुक्त ने अभी भी प्रदेश के दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं श्रमिकों की वेतन वृद्धि 10 साल पुराने इंडेक्स के आधार पर घोषित किया है जो दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं श्रमिकों के साथ अन्याय है। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं श्रमिकों का श्रम आयुक्त ने आर्थिक नुकसान किया है।

### जन-जन को सुविधा उपलब्ध कराएगी मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा

# प्रदेश के जनजातीय व दूरस्थ अंचलों तक संचालित होंगी परिवहन सेवा की बसें: शर्मा

**विजय मत, भोपाल**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा कैबिनेट बैठक में प्रदेश की जनता को सुगम परिवहन सेवा शुरू करने का निर्णय लेने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बधाई देते हुए आभार जताया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा का लाभ प्रदेश के जन-जन को मिलेगा और विशेषकर ग्रामीण, पिछड़े तथा दूरस्थ जनजातीय अंचल के लोगों को भी आवागमन सुविधा आसानी से मिल सकेगी, जहां अभी यात्रीं बसों की सुविधा कम है। उन्होंने कहा कि सीएम राइज स्कूल का नाम सांदीपनि स्कूल करने तथा औद्योगिक क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाओं के लिए होस्टल बनाने के निर्णय भी डॉ. मोहन यादव की सरकार के सराहनीय कदम हैं, जिनका लाभ पूरे प्रदेश को मिलेगा।



### प्रदेश की जनता का जीवन आसान बना रही भाजपा सरकार

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार लगातार प्रदेश की जनता के जीवन को आसान बनाने के लिए प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा को मंजूरी इन्हीं प्रयासों की अगली कड़ी है। उन्होंने कहा कि प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप में शुरू हो रही इस परिवहन सेवा की शुरुआत से जहां बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिलेगा, वहीं सेवा से जुड़ने वाले निजी बस ऑपरेटरों को भी काम मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस सेवा के सलाहकार समिति होगी, जिसमें मध्यप्रदेश शासन के मंत्री, कलेक्टर और अन्य जनप्रतिनिधि शामिल रहेंगे, जो समय-समय पर होल्डिंग कंपनी को सलाह देंगे। यात्री बसों के संचालन की त्रि-स्तरीय मॉनिटरिंग की जाएगी। इसके लिए प्रदेश मुख्यालय स्तर पर एक राज्यस्तरीय होल्डिंग कंपनी गठित की जाएगी। प्रदेश के सात बड़े संभागों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर और रीवा में 7 क्षेत्रीय सहायक कंपनियां भी गठित की जाएंगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि नई योजना में सरकार अनुबंधित बसों को प्राथमिकता से परमिट देगी। बसों पर प्रभावी नियंत्रण सरकार का ही होगा, इसलिए यात्रियों के शोषण की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश के सभी आदिवासी इलाकों में सुगम यात्री परिवहन के लिए हर जरूरी प्रयास करेगी और इस बस सेवा के माध्यम से इन अंचलों के लोग भी विकास से जुड़ेंगे।

### भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने भोपाल जिले की बैठक को संबोधित किया

# बस्तियों का दौरा कर स्वच्छता अभियान में भाग लें पार्टी पदाधिकारी : हितानंद

■ हर्षोल्लास से मनाएं पार्टी का स्थापना दिवस, अंबेडकर जयंती की तैयारियों में जुट जाएं कार्यकर्ता

**विजय मत, भोपाल**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने मंगलवार को प्रदेश कार्यालय में भोपाल जिले की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि बूथ के व्हाट्सअप और लाभार्थी प्रमुख 'मन की बात' कार्यक्रम में लोगों को जोड़ें। कार्यकर्ता 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस और 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की तैयारियों में जुट जाएं। मंडल समितयों में




महिलाओं की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस मनाने के लिए विशेष तैयारियां करें और अपने निवास और पार्टी कार्यालय पर पार्टी का ध्वज लगाकर पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाएं। कार्यालय की सजावट कर रंगोली सजाएं तथा मिठाई बांटें। सेल्फी लेकर उसे सोशल मीडिया पर ''हैशटैग बीजेपी फॉर विकसित भारत'' के साथ पोस्ट करें। बैठक को प्रदेश उपाध्यक्ष कांतदेव सिंह, प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी एवं जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति ने भी संबोधित किया।

***बाबा साहब की प्रतिमाओं को सफाई कर मनाएं दीपोत्सव...*** *भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पूर्व 13 अप्रैल को उनकी प्रतिमाओं की सफाई करना तथा संध्या के समय दीपोत्सव मनाना है। 14 अप्रैल को बाबा साहब की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ करना है। आंगनबाड़ी केंद्रों और अनुसूचित जाति बस्तियों के स्कूल परिसरों की सफाई एवं सामुदायिक सुविधाओं का रखरखाव किया जाए। 15 से 25 अप्रैल के बीच समाज के विभिन्न वर्गों के वरिष्ठों के साथ कम से कम 2 सत्रों की जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन कर कांग्रेस द्वारा किए गए बाबा साहब के अपमान और भाजपा द्वारा दिए जा रहे सम्मान और जिस तरह से कांग्रेस ने संविधान से खिलवाड़ किया तथा भाजपा ने संविधान के प्रति जो सम्मान प्रदर्शित किया है, उस पर विस्तार से चर्चा की जाए। उन्होंने कहा कि पार्टी पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का शताब्दी वर्ष समारोह मना रही है, इसके लिए पार्टी कार्यकर्ता श्रद्धेय अटल के पत्र, फोटो, वीडियो आदि के माध्यम से नए कार्यकर्ताओं को अवगत कराएं। बैठक में पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष सीमा सिंह जादौन, जिला प्रभारी महेन्द्र सिंह यादव, महापौर मालती राय, वरिष्ठ नेता प्रदीप त्रिपाठी, नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी मंचासीन रहे।*

**बस्तियों में स्वच्छता व सेवा कार्यों में जुटें पदाधिकारी**

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि 6 एवं 7 अप्रैल को बूथ स्तर पर और 8-9 अप्रैल को मंडल व विधानसभा स्तर पर भाजपा की चुनावी सफलता, संगठनात्मक विस्तार, भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन एवं प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के साथ विकसित भारत की ओर यात्रा जैसे विषयों पर नए प्राथमिक सदस्यों का सम्मेलन आयोजित करना सुनिश्चित करें। 7 से 12 अप्रैल के बीच जिला पदाधिकारी, जन प्रतिनिधि व मंडल अध्यक्ष दिन में 8 घंटे "बस्ती चलो अभियान" के तहत सेवा बस्ती का दौरा कर मंदिर, अस्पताल, स्कूल व गलियों में स्वच्छता अभियान में भाग लें। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के 10 लाभार्थियों से मिलकर उनसे बातचीत करें, आंगनवाड़ी केंद्र, स्कूल, पशु चिकित्सालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व पंचायत कार्यालय का दौरा कर जल संरचनाओं की सफाई में सहभागिता करें। स्थानीय निवासियों की चौपाल का आयोजन तथा अलग-अलग समुदाय के प्रतिष्ठित व्यक्तियों के घर पहुंचना है। वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ता, मीसा बंदी तथा कारसेवकों का सम्मान करने के साथ बूथ समितियों की बैठक आयोजित करना है।

## स्कूल चलें हम अभियान के तहत मंत्री भूरिया ने बच्चों को तिलक और पुष्प-माला पहनाकर शाला प्रवेश करवाया



**विजय मत, भोपाल**

महिला-बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने झाबुआ जिले के शासकीय माध्यमिक विद्यालय देवझिरी पंडा में स्कूल चलें हम अभियान के तहत बच्चों को तिलक लगाकर और पुष्प-माला पहनाकर शाला प्रवेश करवाया। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और हमें उन्हें बेहतर शिक्षा देकर एक सशक्त नागरिक बनाने की जिम्मेदारी उठानी होगी।

भूरिया ने कहा कि स्कूल चलें हम अभियान से न केवल बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव भी मजबूत हुई है। उन्होंने विद्यालय की दीवारों पर बच्चों के जनरल नॉलेज को बढ़ाने वाले चित्र एवं भारत का नक्शा अंकित करने के निर्देश दिये। मंत्री भूरिया ने बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन किया और व्यवस्थाओं की सराहना की।

कलेक्टर श्रीमती नेहा मीणा ने बच्चों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि नियमित अध्ययन और अनुशासन से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालय में टॉपर्स की सूची नोटिस-बोर्ड में लगायी जाये, जिससे विद्यार्थी प्रेरित हो सकें। इस अवसर पर कक्षा-1 से 8 तक के विद्यार्थियों को एनसीईआरटी की पाठ्य-पुस्तकें, स्कूल बैग एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की गयी।

## मध्यप्रदेश सरकार की जनविरोधी नीतियाँ-टैक्स और दामों की बढ़ोतरी के नाम पर खुली लूटः मुकेश नायक

**विजय मत, भोपाल**



मध्यप्रदेश की जनता आज सरकार की लूट, छल और शोषण का शिकार बन रही है। बजट पेश करते वक्त सरकार ने बड़े गर्व से दावा किया था कि कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया है, लेकिन 1 अप्रैल 2025 से लागू प्रॉपर्टी गाइडलाइन दरों में बढ़ोतरी, बिजली दरों में 3.46 प्रतिशत की वृद्धि, टोल टैक्स, संपत्ति कर, सफाई कर, प्रकाश कर और जल कर में संभावित वृद्धि इस झूठ को बेनकाब करती है। यह खुला छल और जनता को मूर्ख बनाने का दुस्साहस नहीं तो और क्या है? सरकार जनता को राहत देने की बजाय उसकी जेब पर डाका डालने और वसूली करने में लगी है।

प्रॉपर्टी गाइडलाइन दरों में वृद्धि से पंजीयन शुल्क और उस पर लगने वाला 18 प्रतिशत जीएसटी आसमान छू रहा है। इसका नतीजा यह है कि गरीब और मध्यम वर्ग के लिए अपने सपनों का छोटा सा प्लॉट खरीदना अब असंभव हो गया है। सरकार की 2 लाख रुपये की आवास सब्सिडी, जो गरीबों को घर दिलाने का वादा करती थी, अब बढ़ी कीमतों के आगे हवा-हवाई साबित हो रही है। क्या सरकार गरीबों का हक छीनने और उनके सपनों को कुचलने की साजिश रच रही है? यह नीति गरीब को गरीब बनाए रखने का षड्यंत्र नहीं तो क्या है?

बिजली दरों में 3.46 प्रतिशत की बढ़ोतरी को सरकार ''मामूली'' बता रही है, लेकिन यह उस गरीब के लिए भारी बोझ है, जो अपने बच्चों के लिए दो वक्त की रोटी जुटाने में दिन-रात पसीना बहाता है। 100 यूनिट पर 24 रुपये की अतिरिक्त चपत छोटी नहीं है जब आपकी जेब पहले ही खाली हो। स्लैब बदलने की चाल से बिजली बिल को और महंगा करने की साजिश क्या जनता को मूर्ख बनाने का प्रयास नहीं है? टोल टैक्स में वृद्धि से रोजमर्रा का सफर महंगा हो गया है, जल कर बढ़ने से पीने के पानी की कीमत चुकानी पड़ रही है, और संपत्ति कर, सफाई कर व प्रकाश कर की मार ने जनता की कमर तोड़ दी है।

## गर्मी सीजन के लिए अभी से एक्सप्रेस ट्रेनें फुल

**भोपाल।** गर्मी के मौसम में लंबी दूरी की अधिकांश एक्सप्रेस ट्रेनें अभी से फुल हो गई हैं। उत्तर भारत (खासतौर पर यूपी-बिहार) की ओर जाने वाली ट्रेनों में कंफर्म सीट पाने के लिए अगले तीन महीने तक मारामारी मची हुई है। अप्रैल, मई और जून महीने में सबसे अधिक शादी-विवाह होने के साथ ही स्कूल, कॉलेज की छुट्टियां होने से परिवार सहित यात्रा करने वालों की संख्या बढ़ जाती है। इसके चलते दो महीने पहले से कंफर्म रिजर्वेशन टिकट कराने के लिए भोपाल और रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के आरक्षण केंद्र में भीड़ बढ़ गई है। भोपाल रेलवे स्टेशन से दिल्ली, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, उप्र, बिहार, झारखंड, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, गोवा, जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड आदि राज्यों की ओर जाने वाली ट्रेनों में यात्रियों की आवाजाही और बुकिंग की स्थिति को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने कई रूटों पर समर एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का शेड्यूल जारी करना शुरू किया है।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्याएं जनसुनवाई में 75 आवेदन प्राप्त हुए




**विजय मत, भोपाल**

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 75 आवेदन प्राप्त हुए। इस मौके पर एडीएम सिद्धार्थ जैन, भूपेन्द्र गोयल, अंकुर मेश्राम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर सिंह ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## वन क्षेत्र भोजपुर से 2 टाइगर्स को रेस्क्यू कर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व भेजा गया

### ग्रामवासियों की माँग पर टाइगर्स को किया गया रेस्क्यू

**विजय मत, भोपाल**

मुख्य वन संरक्षक भोपाल वृत्त के मार्गदर्शन एवं वन मण्डल अधिकारी ओबेदुल्लागंज के नेतृत्व में परिक्षेत्र चिकलोद के स्टॉफ द्वारा सोमवार को ग्रामवासियों की माँग पर टाइगर्स को पकड़ने के लिये पिंजरे लगाये गये। वन विहार भोपाल एवं सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की रेस्क्यू टीम, पशु चिकित्सकों एवं स्थानीय प्रशासन और पुलिस के सहयोग से दोनों टाइगर्स का सफल रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू के उपरांत दोनों टाइगर्स का स्वास्थ्य परीक्षण कर सुरक्षित ढंग से सतपुड़ा टाइगर रिजर्व भेजा गया। भोजपुर से लगे हुए वन क्षेत्र बीट भोजपुर में भोजपुर-ईमलिया मार्ग पर दो टाइगर्स का लगातार विचरण विगत एक माह से बना हुआ था। इन टाइगर्स द्वारा 5 मवेशियों का शिकार किया गया था। टाइगर के विचरण के कारण ग्रामीण असुरक्षित महसूस कर



रहे थे। टाइगर्स का खेतों में विचरण होने से ग्रामीण फसलें नहीं काट पा रहे थे। खेतों एवं वन क्षेत्र के मध्य से जो रास्ता निकलता है, वह ग्रामीणों का मुख्य मार्ग है, जिससे ग्रामीणों का भोजपुर, मण्डीदीप और बंगरसिया आना-जाना लगा रहता है। कुछ ग्रामीण मण्डीदीप फैक्ट्रियों में नौकरी करने भी जाते हैं। वन विभाग से ग्रामवासी लगातार टाइगर्स के रेस्क्यू की माँग कर रहे थे। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर भी टाइगर के मूवमेंट के संबंध में लिखा था। ग्रामीणों की माँग को दृष्टिगत रखते हुए वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने दोनों टाइगर्स को रेस्क्यू करने का निर्णय लिया।

**खास-खबर** जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक संपन्न

## प्रचलित और नव स्वीकृत जल संरक्षण कार्यों को पूर्ण करें : संभागायुक्त सिंह

**विजय मत, भोपाल**

संभागायुक्त संजीव सिंह ने प्रचलित एवं स्वीकृत जल संरक्षण कार्यों को पूर्ण करने,खेत तालाबों, अमृत सरोवरों के निर्माण एवं ऐतिहासिक धार्मिक तालाबों जलस्रोतों तथा देवालयों की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पेयजल स्त्रोतों को जिओ टैग कर समेकित रूप से जानकारी संग्रह करने एवं सभी शासकीय विभागों के बिल्डिंग्स में रूफ टॉप रैन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सिंह ने सभी संभागीय अधिकारियों को जिले में सहभागी विभागों द्वारा अभियान हेतु प्रस्तावित गतिविधियों की कार्ययोजना तैयार कर निरंतर समीक्षा करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त संजीव सिंह ने मंगलवार को आयुक्त कार्यालय



सभाकक्ष में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक ली। बैठक में नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण, सीईओ स्मार्ट सिटी श्रीमती अंजू अरुण कुमार, संयुक्त आयुक्त विनोद यादव, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती इला तिवारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। संभागायुक्त सिंह ने नगरीय विकास एवं आवास विभाग को शहरी क्षेत्रों के बिगड़े बाग बगीचों को चिन्हांकित कर हरित विकास करने, जल संरक्षण में युवाओं की भागीदारी हेतु अमृत मित्र बनाने एवं नदियों में मिलने वाले नालों के शोध की कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए।

संभागायुक्त सिंह ने भूजल संवर्धन, नल जल योजनाओं के अंतर्गत पाइप लाइन लीकेज, टपकते नल ओर अपव्यय के निराकरण करने एवं पेयजल स्त्रोतों के पुनर्भरण हेतु रिचार्ज शाफ़्ट संरचना के निर्माण कार्य हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए।

संभागायुक्त सिंह ने औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के अधिकारी को औद्योगिक इकाइयों में रूफ टॉप वाटर हार्वेस्टिंग के प्रावधान का पालन करवाने एवं औद्योगिक क्षेत्रों में जल निकासी एवं प्रबंधन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त सिंह ने अधिकारियों को जन अभियान परिषद के साथ समन्वय स्थापित कर जल संचय और संवर्धन के महत्व और संवेदनशीलता का प्रचार-प्रसार कर जनसहभागिता से जल स्त्रोतों की सफाई और संरक्षण के कार्य करने के निर्देश दिए।

## मंत्रालय में हुआ राष्ट्र-गीत एवं राष्ट्र-गान का सामूहिक गायन



**विजय मत, भोपाल**

अप्रैल माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्र-गान जन-गण-मन का सामूहिक गायन हुआ। इस अवसर पर पुलिस बैंड ने मधुर धुनें प्रस्तुत की। वंदेमातरम गायन में खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता, मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, संजय दुबे, सहित सतपुड़ा-विंध्याचल भवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## यूज इन शॉर्ट



### जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित हुआ प्रवेशोत्सव

शहडोल। शहडोल जिले में 4 अप्रैल 2025 तक चलने वाले स्कूल चले हम अभियान के तहत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अभियान के तहत स्कूली विद्यार्थियों को जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों द्वारा तिलक, फूलमाला पहनाकर विद्यालय में प्रवेश दिलाया गया। इसी कड़ी में आज विधायक जैतपुर श्री जयसिंह मरावी, अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह, एसडीएम श्रीमती अमृता गर्ग, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री मुद्रिका सिंह, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केशवाही में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में सहभागिता निभाई तथा विद्यार्थियों को तिलक व फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया तथा विद्यालय में प्रवेश दिलाया गया। स्कूल चले अभियान के तहत ब्यौहारी के पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ब्यौहारी, महर्षि सांदीपनी विद्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मऊ में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में विधायक ब्यौहारी श्री शरद कोल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सुश्री सौम्या आनंद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सहभागिता निभाई तथा छात्राओं को पुस्तके वितरित कर विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इसी प्रकार स्कूल चले अभियान के तहत शहडोल जिले के अन्य विद्यालयों में भी प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### ब्योहारी-मार्तण्ड गंज में निवास रत लोगों को पट्टा देने की मांग

शहडोल। शहडोल से रीवा जाते हुए अल्प प्रवास पर रुके प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला से बार्ड क्र-09 मार्तण्ड गंज निवासी अरुण कुमार गुप्ता ने ज्ञापन सौंप कर नगरीय क्षेत्र के बार्ड क्र-09 मार्तण्ड गंज जिसकी आराजी खसरा नंबर 2179 रकबा करीब एक एकड़ है। जहां पिछ्ले वर्ष 1969 से आज दिनांक तक 46 परिवार घर बनाकर काबिज है। नगर में रीवा शहडोल मुख्य मार्ग के पश्चिम में जहां पहले गल्ला मंडी हुआ करती थी। वहां लोग अबैध तरीके से मकान बनाकर आबाद हो गये। हायर सेकंडरी स्कूल के बगल से लगी शासकीय भूमि आराजी खसरा नंबर 2179 रकबा 01एकड में निवासरत लोग आज भी पट्टा विहीन है। पूर्व में इनकी मांग पर शहडोल के निवर्तमान कलेक्टर अजीत जोगी ने इनकी मांग पर यहां बसे लोगों को पट्टा देने की अनुशंसा की थी। लेकिन अभी तक इन लोगों को भू अधिकार पत्र नहीं मिला। जिसे लेकर मार्तण्ड गंज निवासी अरुण गुप्ता ने उपमुख्यमंत्री से सभी परिवार को भू अधिकारपत्र देने की मांग की है।



### अपर कलेक्टर ने तालाब जीर्णोद्धार कार्य में किया श्रमदान

शहडोल। जिले में 30 जून तक जल संवर्धन अधियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के प्रत्येक जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतों में जल संवर्धन एवं संरक्षण के कार्य किए जा रहे। जल संवर्धन अभियान में आम जन भी बढ़चढ़ कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में बने तालाब, नाले, बावड़ी सहित अन्य जल संरचनाओं की साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत अपर कलेक्टर श्री सरोधन सिंह एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शहडोलएम पी सिंह ने जनपद पंचायत बुढार के ग्राम पंचायत मलया 2 के फूटहा तालाब में जीर्णोद्वार के कार्य में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए श्रमदान किया।

# बिना डायवर्सन वाली जमीनों का बेनामी सौदा

## रेरा के नियमों को दिखा रहे ठेंगा, मेडिकल कॉलेज के आसपास हो रही अवैध प्लाटिंग, राजस्व विभाग की मिली भगत से लोगों को लगाया जा रहा चूना

### तत्कालीन कलेक्टर ने कराई थी जांच, 18 ग्रामों में मिले थे 1768 अवैध प्लाट

**राहुल मिश्रा, विजय मत, शहडोल।**

राजस्व विभाग और रेरा के नियम को ताक पर रख मेडिकल कॉलेज व आसपास के ग्राम पंचायतों में वर्षों से कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग कर जमीन की खरीदी बिक्री की जा रही हैं। इस अवैध काम में भू-माफियाओं को स्थानीय पटवारियों व राजस्व अधिकारियों का सहयोग मिल रहा है जिसके चलते भूमाफियाओं पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। बिना डायवर्सन के भूमि को दर्जनों टुकड़ो में काट कर करोड़ों की कमाई भू-माफिया कर रहे हैं और शासन को आर्थिक क्षति पहुंचा रहे है। तथा राजस्व के बड़े-बड़े जिम्मेदार अधिकारी कार्यालय में बैठे ऐसी की हवा खा रहे हैं।





### अवैध की जांच किया जाए जिम्मेदारों पर गिर सकती है गाज

बता दें कि मेडिकल कॉलेज तथा हाईवे की आसपास अवैध प्लाटों की जांच किया जाए तो कई पटवारी व अधिकारियों पर गाज गिर सकती हैं। ग्राम कुदरी में अनेक कृषि भूमि में दर्ज हैं, जिसे भू माफिया अवैध रूप में कई टुकड़ों में प्लाटिंग कर बेच रहे है। इसके लिए न तो रेरा के नियमों का पालन किया गया है और न ही कलेक्टर की अनुमति ली गयी है।

### 18 ग्रामों में मिला था 1786 अवैध प्लाटिंग व कॉलोनी

कृषि योग्य भूमि को छोटे-छोटे भू-खण्ड में परिवर्तित कर बिना अनुमति के बिक्री करने व कॉलोनियां बनाने की लगातार शिकायत मिल रही थी। इसे गंभीरता से लेते हुए लगभग एक वर्ष पूर्व तत्कालीन कलेक्टर ने जांच टीम गठित की थी। जांच टीम में डिप्टी कलेक्टर, अधीक्षक भू-अभिलेख, अधीक्षक भू-प्रबंधन एवं तहसीलदार को शामिल किया गया था। टीम से शहर व इससे जुड़ी सीमा से लगे ग्रामीण अंचलो में जांच कराई गई थी। जांच के दौरान बड़े स्तर पर अवैध प्लाटिंग व कॉलोनी निर्माण का खुलासा हुआ था। जांच में 18 ग्रामों में 1786 अवैध प्लाटिंग व कॉलोनी मिली थी।

### इनका कहना है



आपके द्वारा मामला संज्ञान में लाया गया है वहां जांच कराकर उचित कार्यवाही की जाएगी

**दिव्या सिंह**
**तहसीलदार**
**सोहागपुर शहडोल**

### कार्रवाई के दिए थे निर्देश, ठंडे बस्ते में मामला

तत्कालीन कलेक्टर ने अवैध कॉलोनी निर्माण करने वालों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई के निर्देश अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर, तहसीलदार सोहागपुर दिए थे। इसके बाद से लेकर अभी तक कार्रवाई के नाम पर सिर्फ प्लाटिंग करने वालों को सिर्फ नोटिस जारी किया गया है।

### धड़ल्ले से हो रही अवैध प्लाटों की खरीद बिक्री

शहडोल नगर की नागरिकों का कहना है कि जिले की जिम्मेदार राजस्व विभागों की अनदेखी के कारण आज भी कृषि योग भूमि को कॉलोनी में बदलकर अवैध प्लाटों की खरीदी बिक्री चालू है। जिम्मेदारों द्वारा अगर इस पर ध्यान दिया जाए तो ऐसे अनेक मामले और सामने आएंगे। परंतु जिम्मेदारों को अपने जेब के अलावा किसी की परेशानी समझ में नहीं आती है।

# जयसिंहनगर बस स्टैंड से बंधा बाजार तक का डगर है बहुत मुश्किल




**विजय मत, शहडोल।**

24 घंटे रीवा से शहडोल मुख्य मार्ग में रहता है वाहनों का आना जाना, लगता है हर घंटे जाम, जिम्मेदार नहीं देते ध्यान

शहडोल जिले के जनपद मुख्यालय जयसिंहनगर के बस स्टैंड से बंधा बाजार तक रीवा रोड का में हाईवे सिंगल मार्ग होने के बड़े-बड़े बस, ट्रेक, हाईवा सहित अन्य वाहनों का आवागमन होने के कारण हर घंटे जाम की स्थिति उत्पन्न होती है तथा ऐसी जाम जिसमें लोग कई मिनट तक फंसे रह जाते हैं। यह मार्ग बस्ती के बीच से होकर निकलती है तथा सड़क के अगल-बगल बड़े-बड़े इमारत निर्मित हो चुका है, सड़क के अगल-बगल वाहनों के निकलने के लिए किसी प्रकार की कोई जगह नहीं है तथा नगर पालिका द्वारा नालियों का निर्माण कराया जा चुका है, जो लोगों के लिए मुसीबत सिद्ध हो रहा है। यह मार्ग रीवा से शहडोल का इकलौता कनेक्टिविटी वाला मार्ग है, जहां से रात दिन 24 घंटे बड़े-बड़े वाहनों का आवागमन होता है पर जिम्मेदारों द्वारा ना ही सुरक्षात्मक व्यवस्था किया गया है, इसे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है जिम्मेदारों द्वारा ना ही बायपास रोड निर्माण की कोई व्यवस्था बनाई गई है।

**प्रत्येक घंटों में चार से पांच बार लगता है जाम-** जयसिंहनगर की स्थानीय निवासी प्रतीक कुमार ने बताया कि रीवा एवं शहडोल से इकलौता कनेक्टिविटी मार्ग होने के कारण यहां 24 घंटे बड़े-बड़े वाहनों का आवागमन बना रहता है यह प्रति घंटे में 4 से 5 बार भीषण जाम की स्थिति निर्मित होती है परंतु जिम्मेदारों द्वारा किसी प्रकार की कोई भी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं बनाई गई है।

**बायपास रोड निर्माण हेतु की जा रही मांग-** जयसिंहनगर के स्थानीय लोगों के द्वारा बाईपास रोड बनाने की मांग की जा रही है। उनका कहना है कि बायपास रोड का निर्माण हो जाने के कारण बीच कॉलोनी एवं बस्ती से मार्ग से बड़े-बड़े वाहनों एवं बसों का आना-जाना बायपास रोड से होने लगेगा, इससे न ही जाम की स्थिति निर्मित होगी ना ही किसी प्रकार की कोई असुविधा का लोगों को सामना करना पड़ेगा।



### अवैध शराब की 16 स्थानों पर धड़पकड़

शहडोल।शहडोल जिले में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध शराब के विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।

अभियान के अंतर्गत दिनांक 31 मार्च 2025 को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी की गई, जिसमें कुल 16 स्थानों पर दबिश दी गई। इस कार्रवाई में 96 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त की गई, जिसकी कुल कीमत 10,860 है। सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई।

### ब्राइटेन इंटरनेशनल स्कूल के एडवेंचर समर कैंप में छात्रों ने लिया भाग



**विजय मत, शहडोल।**

छात्रों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ.साथ उन्हें सीखने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से ब्राइटन इंटरनेशनलस्कूल.शहडोल द्वारादस दिवसीय एडवेंचर समर कैंप का आयोजन 23 से 30 मार्च तक किया गया। जिसमे विद्यालय के छात्रों सहित अन्य विद्यालयों के उत्साही छात्रों ने भाग लिया । कैंप में छात्रों मे कम समय मे । कला और शिल्पए साहसिक कार्यए नृत्यए तैराकीए सौंदर्यद्ध आदि क्षेत्रों मे अपनी रुचि के अनुसार आरंभिक प्रशिक्षण प्राप्त किया तथा रोमांचक गतिविधियों मे सहभागी बने द्यउक्त सभी कार्यक्रम अपने क्षेत्र के विशेषज्ञों.अनुभवी प्रशिक्षकों की देखरेख मे सम्पन्न हुए ।

इन आनंददायी अनुभव से भरे दिवसों मे सीखने और उसे सभी के समक्ष प्रस्तुत करने के उद्देश्य से छात्रों ने समापन दिवस पर विद्यालय परिसर मे अभिभावकों के समक्ष रंगारंग कार्यक्रमप्रस्तुत किया एजिसमे मनमोहक नृत्य.गायन प्रस्तुति एवर्ली आर्ट एबंधेज कला आदि का प्रदर्शन कर कार्यक्रम की सार्थकता को सुनिश्चित किया । इस अवसर पर छात्रों के उहसाह वर्धन हेतु विद्यालय निदेशकों एसमाजसेवियों सहित गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति की गरिमामायी उपस्थिति रही द्यछात्रों इस अवसर पर प्रमाणपत्र प्रदान किया गया । विद्यालय प्राचार्य श्री ब्रजेश राय ने इस कार्यक्रम के सफलता का श्रेय अभिभावकों को दिया जीने सहयोग एवं संबल से यह कार्यक्रम सफल हुआ ।

# लोगों को यातायात सम्बंधित नियमों का पालन करने लोगों को दी समझाइस




ब्योहारी-यातायात सम्बंधित नियमों का पालन करने लोगों को दी समझाइस। पोंडी मानपुर रोड़ पर ब्योहारी थाना प्रभारी के निर्देश पर वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन कर दुर्घटना से बचें। आपका परिवार आपका इंतजार कर रहा है।

सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट और चार पहिया वाहन चालकों को सीटबेल्ट लगाने और वाहन सम्बंधित वैध कागजात रखने की समझाइश दी। शहडोल रोड के मानपुर तिराहे पर शिविर लगा। उपनिरीक्षक बीके. प्रजापति सुखेन्द्र त्रिपाठी, पुष्पेन्द्र सिंह ने वाहनों को रोककर सभी चालकों को सुरक्षा नियमों की जानकारी दी।

# कमिश्नर एवं कलेक्टर कार्यालय में आम जनता की समस्याएं सुन किया गया निराकरण





**विजय मत, शहडोल।**

उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पाण्डेय की उपस्थिति में आज कमिश्नर कार्यालय शहडोल के अमरकंटक सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पाण्डेय ने शहडोल संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई में राजस्व से संबंधति, पीएम किसान, पीएम आवास, सीएम किसान, आर्थिक सहायता, खाद्य, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, जनजातीय विभाग सहित शासन द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से संबंधित शिकायतों के आवेदन प्राप्त हुए जिनका निराकरण हेतु उपायुक्त राजस्व श्रीमती मिनिषा पाण्डेय ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरविंद शाह की उपस्थिति में आज कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरविंद शाह ने शहडोल जिले के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए।जनसुनवाई में राजस्व से संबंधति, पीएम किसान, पीएम आवास, सीएम किसान, आर्थिक सहायता, खाद्य, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य, जनजातीय विभाग सहित शासन द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से संबंधित शिकायतों के आवेदन प्राप्त हुए जिनका निराकरण हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अरविंद शाह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में डिप्टी कलेक्टर श्री भागीरथी लहरे सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### संगीतमय वंदेमातरम गान के साथ की गई शासकीय काम काज की शुरूआत

उमरिया । संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम की उपस्थिति में संगीतमय वंदेमातरम, जन गण मन तथा मध्यप्रदेश के गान के साथ शासकीय काम काज की शुरूआत की गई। इस अवसर पर एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

**विडम्बना** — बिना कोल्ड चैन बॉक्स के पहुंच रहे मरीज के परिजन, गर्मी में ब्लड खराब होने की आशंका, जिम्मेदारों की लापरवाही

# मेडिकल कॉलेज में अब तक शुरू नहीं हो पाया ब्लड बैंक

**विजय मत, शहडोल।**

मेडिकल कॉलेज कैम्पस में लगभग एक वर्ष पूर्व ब्लड बैंक बनकर तैयार हो जाना था, लेकिन अब तक इसकी शुरुआत नहीं हो पाई है। ब्लैंड बैंक शुरु होने में हो रही लेट लतीफी का खामियाजा मरीजों व उनके परिजनों को भुगतना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार ब्लड बैंक के लिए इन्फ्रास्ट्रक्र, मशीनरी सहित अन्य व्यवस्थाएं हो गई थी। इसे फरवरी 2024 से शुरु करने की बात भी कही गई थी। एक वर्ष बीत जाने के बाद भी पूरा सेटअप तैयार नहीं हो पाया और स्थिति जस की तस बनी हुई है।




### जिला चिकित्सालय के लगाने पड़ते हैं चक्कर

मेडिकल कॉलेज में भर्ती मरीजों के परिजनों को ब्लड के लिए जिला चिकित्सालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। ब्लड ले जाने के लिए उनके पास कोल्ड चैन बॉक्स भी नहीं होता है, जिससे ब्लड के खराब होने का भी खतरा बना रहता है। मेडिकल कॉलेज में ब्लड बैंक प्रारंभ न होने से मरीजों के परिजनो को आए दिन समस्याओं से दो चार होना पड़ रहा है।

बीते दिनों जिला चिकित्सालय पहुंचे एक प्रसूता के परिजनों ने बताया कि वह दूसरी बार जिला चिकित्सालय आए हैं। यह कोई पहला मामला नहीं है, बल्कि आए दिन मरीजों के परिजनों को इस तरह की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इसे लेकर मेडिकल कॉलेज प्रबंधन गंभीर नहीं है।

### सबसे ज्यादा समस्या रात के समय

जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक प्रबंधन की माने तो प्रतिदिन 30-35 यूनिट ब्लड मेडिकल कॉलेज भेजा जा रहा है। मरीज वहां से जिला चिकित्सालय आते हैं, यहां पूरी प्रक्रिया के बाद ब्लड लेकर फिर मेडिकल कॉलेज जाते हैं। सबसे ज्यादा समस्या रात के समय होती है। मरीजों के परिजनों को वाहन नहीं मिलते हैं, ऑटो चालक मनमाफिक किराया वसूलते हैं। ब्लड बैंक में भी पूरी प्रक्रिया में कुछ समय लग जाता है, इस बीच मरीज के परिजन परेशान होते रहते हैं।

### मेडिकल कॉलेज से जिला चिकित्सालय आने में समय की बर्बादी

जयसिंहनगर जनपद के मसियारी ग्राम निवासी एक प्रसूता को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। प्रसूता के परिजन सुंदरलाल सिंह ने बताया कि पहले तो उन्हें ब्लड लेने के लिए भेजा गया। मेडिकल कॉलेज से लगभग 8 किमी दूर जिला चिकित्सालय से ब्लड लेकर गए। इसके कुछ देर बाद फिर प्लाज्मा लाने के लिए कहा गया, फिर से यहां आए हुए हैं। बार-बार मेडिकल कॉलेज से जिला चिकित्सालय आने में समय की बर्बादी होती है।

मेडिकल कॉलेज प्रबंधन को कई बार ब्लड के लिए कोल्ड चैन बॉक्स भेजने के लिए कहा गया है। इसके बाद भी मरीजों के परिजन बिना बाक्स के जिला चिकित्सालय पहुंच रहे हैं। ब्लड बैंक प्रबंधन की माने तो ठंड में जो ज्यादा समस्या नहीं होती है, लेकिन गर्मी में ब्लड खराब होने का भय बना रहता है।

# आईपीएल में आज आरसीबी का मुकाबला गुजरात टाइटंस से होगा




**बेंगलुरू, एजेंसी**

आईपीएल में बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) का मुकाबला यहां अपने घरेलू मैदान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस से होगा। इस मैच आरसीबी जीत की प्रबल दावेदार के तौर पर उतरेगी। इसका कारण है कि उसे घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा। वहीं इसके अलावा इस सत्र में उसने अब तक अपने सभी मैच जीते हैं जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। नये कप्तान रजत पाटीदार की कप्तानी में उसके बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। उसके अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली भी अच्छे फार्म में हैं। आरसीबी ने कोलकाता के ईडन गार्डंस पर केकेआर और चेन्नई सुपर किंग्स को चेपॉक पर हराकर शानदार शुरूआत की थी।

आंकड़ों पर नजर डालें तो चिन्नास्वामी स्टेडियम पर आईपीएल के अब तक कुल 95 मैच खेले गए हैं, जिसमें से 41 मैच पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम जीती है। वहीं बाद में बैटिंग करने वाली टीम 50 मैच में जीत हासिल की है हालांकि 4 मैचों का परिणाम नहीं निकला। इस पिच पर सबसे बड़ा रन 287/3 सनराइजर्स हैदराबाद ने बनाया गया है, जबकि सबसे छोटा स्कोर 82 रन आरसीबी की टीम ने बनाई है। आरसीबी और गुजरात टाइटंस टीम के बीच इस मैदान पर अब तक दो बार भिड़ंत हुई। इस मुकाबले में दोनों टीमों को एक-एक मैच में जीत हासिल हुई।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**आरसीबी टीम**-रजत पाटीदार (कप्तान), जितेश शर्मा (विकेटकीपर), विराट कोहली, फिल साल्ट, लियाम लिविंगस्टोन, देवदत्त पडिक्कल,टिम डेविड, ṛ्रुणाल पंड्या, जोश हेजलवुड, भुवनेश्वर कुमार, यश दयाल.

**गुजरात टाइटंस टीम**-शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), साई सुदर्शन, शेरफेन रदरफोर्ड, राहुल तेवतिया, राशिद खान, शाहरुख खान, मोहम्मद सिराज, रविश्रीनिवासन साई किशोर, कगिसो रबाडा, प्रिसिध कृष्णा।

## रहाणे ने हार के लिए बल्लेबाजों को जिम्मेदार बताया



**नई दिल्ली।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने मुम्बई इंडियंस के खिलाफ मिली हार पर निराशा जतायी है। रहाणे ने कहा कि इस विकेट पर टीम को करीब 190 रन बनाने थे पर हम 116 रन ही बना पाये। रहाणे ने कहा, '' हमारे बल्लेबाज विफल रहे जबकि इस पर काफी रन बनने थे। हम हमें मिले अवसरों का लाभ नहीं उठा पाये। हमारे गेंदबाजों का प्रदर्शन अच्छा रहा पर बल्लेबाज विफल रहे। साथ ही कहा कि पावरप्ले में चार विकेट खोने के बाद वापसी कठिन होती है।''

वहीं केकेआर की शुरुआत अच्छी नहीं रही। नरेन पहले ही ओवर में पेवेलियन लौट गये। इसके बाद डिकॉक ने भी आउट हो गये। रहाणे भी 11 रन ही बना पाये। वहीं मनीष पांडे ने 17 और आंद्रे रसेल ने 5 रन बनाए। दूसरी ओर मुंबई की ओर से अश्विनी कुमार ने सबसे अधिक 4 विकेट लिए। वानखेड़े की उछाल और स्विंग लेती पिच पर मुंबई के गेंदबाजों ने केकेआर के बल्लेबाजों की गलतियों का पूरा फायदा उठाते हुए किसी भी बल्लेबाज को टिकने नहीं दिया।

फुटबॉल



रोम में लेजियो और टोरिनो के बीच हुए सीरीज ए फुटबॉल मैच में खेलते हुए खिलाड़ी।

## ओलंपियन वंदना ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास लिया



**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय महिला टीम की अनुभवी खिलाड़ी वंदना कटारिया ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा कर दी है हालांकि वह लीग मुकाबलों में खेलती रहेंगी। इसी के साथ ही वंदना के 15 वर्ष के सुनहरे कैरियर पर विराम लग गया। वंदना ने भारतीय टीम के लिए सबसे अधिक 320 मैच खेले हैं।

32 साल की इस फॉरवर्ड ने कहा , 'मैं कृतज्ञ मन से अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविद कह रही हूं। यह फैसला मिले-जुले विचारों वाला है। इसमें खुशी ओर दुख दोनो हैं। मैं इसलिए नहीं हट रही हूं क्योंकि मेरे अंदर खेल की इच्छा कम हो गयी गई है या मेरे भीतर हॉकी नहीं बची है बल्कि इसलिए क्योंकि मैं अपने करियर के शीर्ष प रहते हुए संन्यास लेना चाहती हूं, जबकि मैं अभी भी अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर हूं।

उन्होंने कहा, 'यह विदाई थकान की वजह से नहीं है। यह अंतरराष्ट्रीय मंच को अपनी शर्तों पर छोड़ने का एक अच्छा अवसर है, मेरा सिर ऊंचा रहेगा क्योंकि मैं अभी भी बेहतर प्रदर्शन कर रही हूहै। भीड़ के शोर के साथ ही हर गोल पर मिलने वाली खुशी और भारत की जर्सी पहनने का गर्व हमेशा मेरे मन में रहेगा। गौरतलब है कि साल 2009 में सीनियर टीम में पदार्पण करने वाली कटारिया टोक्यो ओलंपिक 2020 में चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम में शामिल थी। तब वंदना हैट्रिक लगाने वाली एकमात्र भारतीय महिला खिलाड़ी बनी थीं। वंदना ने कहा, 'अपनी साथी खिलाड़ियों, अपनी बहनों से मैं यही कहूंगी कि आपके लगाव और विश्वास ने मुझे बल दिया। मेरे कोचों और मेंटर्स ने अपने प्रयासों से मेरे कैरियर को निखारा। कटारिया ने फरवरी में भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग में भारत के लिए आखिरी मैच खेला। उन्होंने सोशल मीडिया में लिखा, 'मेरे दिवंगत पिता मेरी चट्टान, मेरे मार्गदर्शक थे। उनके बिना मेरा सपना कभी पूरा नहीं होता। उनके बलिदानों और प्यार से मेरे खेल की नींव पड़ी। उन्होंने मुझे सपने देखने, लड़ने और जीतने के लिए मंच दिया। उन्होंने कहा, 'लेकिन मेरी कहानी यहां खत्म नहीं होती। यह नई शुरूआत है। मैं हॉकी उठाकर नहीं रखूंगी। मैं खेलती रहूंगी। हॉकी इंडिया लीग में और उसके अलावा भी अन्य मुकाबलों में क्योंकि मेरे अंदर अभी काफी खेल बचा है।

## वॉर्न, कुंबले और चावला से प्रेरित हैं जीशान



**नई दिल्ली।** आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से खेल रहे लेग स्पिनर जीशान अंसारी का कहना है कि वह शेन वॉर्न, अनिल कुंबले और पीयूष चावला जैसे खिलाड़ियों से प्रेरणा लेते हैं। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच में डेब्यू किया था। उन्हें एडम जंपा की जगह टीम में शामिल किया गया है। जीशान को सनराइजर्स ने मेगा ऑक्शन में 40 लाख रुपये में खरीदा गया था। जीशान ने भारतीय अंडर टीम से भी खेला है। यूपी टी20 लीग में अपनी शानदार लेग स्पिन गेंदबाजी से उन्होंने प्रभावित किया था। इस गेंदबाज ने मेरठ मावेरिक्स के लिए खेलते हुए टूर्नामेंट में 24 विकेट लिए थे। इसी कारण आईपीएल में भी उन्हें अवसर मिला है। जीशान ने उत्तर प्रदेश के लिए 5 फर्स्ट-क्लास मैचों में भी 17 विकेट लिए हैं। इस क्रिकेटर ने कहा था, ' मैंने शेन वॉर्न, अनिल कुंबले और पीयूष चावला जैसे खिलाड़ियों से प्रेरणा ली. और उनकी गेंदबाजी को गहराई से अध्ययन किया। मैं खुद को भाग्यशाली मानता हूं कि मैंने इस लीग में पीयूष चावला के साथ खेला।

## आईपीएल: ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की दौड़ में छाये हैं विदेशी खिलाड़ी



**मुम्बई, एजेंसी**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भारतीय क्रिकेटर अब तक कुछ खास नहीं कर पाये हैं। सबसे अधिक विकेट और रन बनाने वालों में अधिकतर विदेशी खिलाड़ी हैं। भारतीय खिलाड़ियों की बात करें सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलने वाले अनिकेत वर्मा ने 117 रन जबकि गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन ने 137 रन बनाये हैं। इस प्रकार देखा जाये तो सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप और सबसे अधिक विकेटों के लिए मिलने वाली पर्पल कैप की दौड़ में विदेशी खिलाड़ी छाये हुए हैं। सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप की दौड़ में शीर्ष पर अधिकतर विदेशी हैं। इसमें लखनऊ सुपरजायंट्स से खेल रहे वेस्टइंडीज के निकलस पूरन 145 रन बनाकर सबसे आगे हैं। वहीं ऑरेंज कैप की रेस में दूसरे नंबर पर टाइटंस की ओर से खेलने वाले भारत के सुदर्शन हैं। सुदर्शन के 137 रन हैं। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया की ओर से खेल रहे सनराइजर्स हैदराबाद के ट्रैविस हेड 137 और चौथे नंबर पर लखनऊ सुपरजायंट्स की ओर से खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मिचेल मार्श 124 रन हैं। पांचवें नंबर पर सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलने वाले भारत के अनिकेत 117 रन हैं। ऑरेंज कैप की रेस में शीर्ष-5 में एक भी ऐसा बल्लेबाज नहीं है जिसने भारतीय क्रिकेट टीम के लिए खेला हो। भारतीय टीम के बल्लेबाजों की बात करें तो सूर्यकुमार यादव ने 104, संजू सैमसन ने 99, श्रेयस अय्यर 97, विराट कोहली ने अबतक 90 रन बनाए हैं। वहीं सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाली पर्पल कैप की दौड़ में भी शीर्ष दो खिलाड़ियों में चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से खेल रहे अफगानिस्तान के नूर अहमद और दिल्ली कैपिटल्स से खेल रहे ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क हैं। अब तक नूर अहमद ने 9 और स्टार्क ने 8 विकेट लिए हैं। इसके बाद अगले तीन भारत के खलील अहमद 6, शार्दुल ठाकुर 6 और कुलदीप यादव हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की ओर से खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के नाम 5 विकेट जबकि हैं और वह छठे और राजस्थान रॉयल्स के श्रीलंकाई स्पिनर वानिंदु हसरंगा 5 विकेट लेकर सातवें नंबर पर हैं।

# बिजनेस

### सोने के भाव 91,400 प्रति दस ग्राम, चांदी 1 लाख के पार

## सोना सार्वजनिक उच्च स्तर पर, चांदी में भी तेजी



**नई दिल्ली, एजेंसी**

नए वित्त वर्ष में सोने की शुरुआत बढ़त लेकर हुई। मंगलवार को सोने के वायदा भाव सार्वजनिक उच्च स्तर पर पहुंच गए। चांदी की शुरुआत भी तेज रही। सोने के वायदा भाव 91,400 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे, जबकि चांदी के भाव 1,01,00 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी जा रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 599 रुपये की तेजी के साथ 91,316 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 90,717 रुपये था। इस समय यह कॉन्ट्रैक्ट 668 रुपये की तेजी के साथ 91,385 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 91,400 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 91,284 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने आज 91,400 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रेक्ट 333 रुपये की तेजी के साथ 1,00398 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,00065 रुपये था। इस समय यह कॉन्ट्रेक्ट 880 रुपये की तेजी के साथ 1,0,0945 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,00975 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,00398 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 1,01,999 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। वैश्विक बाजार में सोने के भाव 3,1777 डॉलर के सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गए, चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 3,157.30 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,150.30 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 26.40 डॉलर की तेजी के साथ 3,176.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 34.77 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 34.61 डॉलर था। इस समय यह 0.32 डॉलर की तेजी के साथ 34.93 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## इंडसंड बैंक में सरकारी बैंकों का निवेश, सीडी बाजार का सहारा लिया

### नेटवर्थ में 2.35 प्रतिशत का विपरीत असर पड़ा




**नई दिल्ली, एजेंसी**

बैंकिंग सेक्टर में एक नया मुद्दा उभरा है जब इंडसइंड बैंक ने अपने डेरिवेटिव पोर्टफोलियो में गड़बडियां पाने के इस्तीफे के बाद सीडी बाजार का सहारा लिया। इस बारीकी से समझाया जा रहा है कि इसके साथ जुड़े सरकारी बैंकों को भी इस असमंजस का सामना करना पड़ा है। मार्च में, इंडसइंड बैंक ने अपनी सीडी से 16,550 करोड़ रुपये जुटाए, वहीं बाजार में जोरादार प्रतिशत दरों के साथ। इस निवेश के संदर्भ में एक बड़े बैंक के ट्रेजरी अधिकारी ने कहा कि इंडसइंड के सीडी पर जिन दरों की पेशकश की गई थी, हर कोई उसमें निवेश करना चाहेगा। यह निवेश सरकारी बैंकों के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ, खासकर उनको उधारी की लागत को कम करने में मदद मिली। हालांकि, बैंक के इंटरनल ऑडिट में दर्ज गड़बड़ियों ने लोगों को चौंकाया, जिससे उसके नेटवर्थ में 2.35 प्रतिशत का विपरीत असर पड़ा है। इससे वह धन जुटाने के लिए उसकी सीडी को सबस्क्राइब करने वाले इन्वेस्टर्स भी परेशान हो रहे हैं।

## भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर ने उपभोक्ता संरक्षण की मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई

- ग्राहक सेवाओं में सुधार करने की मिशन को बढ़ावा देने का भी आश्वासन दिया

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मंगलवार को आरबीआई की 90वीं वर्षगांठ के समापन समारोह में वित्तीय स्थिरता और दक्षता के बीच संतुलन कायम करने के लिए विनियामक ढांचे को लचीला बनाने के साथ-साथ उपभोक्ता संरक्षण को मजबूत करने की केंद्रीय बैंक की प्रतिबद्धता का समर्थन किया। गवर्नर ने आरबीआई की भूमिका को बढ़ावा देते हुए कहा कि उसके लक्ष्य हमेशा से से ज्यादा महत्वपूर्ण रूप से विस्तारित हो गए हैं। मल्होत्रा ने भविष्य में भारतीय अर्थव्यवस्था के वित्तीय ढांचे को अगले दशक में महत्वपूर्ण तरीके से आकार देने के लिए प्रतिबद्धता जताई। आरबीआई वित्तीय समावेश को बढ़ाने के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने ग्राहक सेवाओं में सुधार करने की मिशन को बढ़ावा देने का आश्वासन दिया और एक लचीले नियामक ढांचे की आवश्यकता को उजागर किया। गवर्नर ने आरबीआई का सभी संस्थानिक नियामकों, सरकारों और वित्तीय क्षेत्र के साथ सहयोग करने की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने वित्तीय प्रणाली में सुधार के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया और उभरते आर्थिक परिदृश्य में आरबीआई की लचीलेपन को बढ़ाने का प्रयास किया। गवर्नर ने आरबीआई के दृढ़ संकल्प की ज़ोरदारी से व्यक्ति करने की प्रतिज्ञा की और संस्था को हमेशा उत्कृष्टता की दिशा में ले जाने का आश्वासन देते हुए कहा कि एक लचीले, पारदर्शी और सर्वव्यापी भावना में उभरी हुई आरबीआई भारत की आर्थिक स्थिति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### सेंसेक्स में साल की दूसरी सबसे बड़ी गिरावट

# 1390 अंक नीचे 76,024 पर बंद, निफ्टी 353 लुढ़का

### रियल्टी और आईटी सेक्टर सबसे ज्यादा टूटे



**मुंबई, एजेंसी**

वित्त वर्ष 2025-26 के पहले कारोबारी दिन आज यानी मंगलवार (1 अप्रैल) को शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 1390 अंक (करीब 1.80 प्रतिशत) गिरकर 76,024 के स्तर पर बंद हुआ। यह इस साल की दूसरी सबसे बड़ी गिरावट है। इससे पहले सेंसेक्स में 28 फरवरी को 1414 (1.90 प्रतिशत) अंक की गिरावट रही थी। निफ्टी में भी करीब 353 अंक (करीब 1.50 प्रतिशत) की गिरावट रही, ये 23,165 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में गिरावट रही। HCL टेक, बजाज फिनसर्व, HDFC बैंक, बजाज फाइनेंस और इंफोसिस में सबसे ज्यादा करीब 4 प्रतिशत गिरकर बंद हुए। NSE के 50 शेयरों में से 36 में गिरावट रही। सेक्टोरल इंडाइसेज की बात करें तो रियल्टी में 3.11 प्रतिशत, कंज्यूमर ड्यूरेबल में 2.50 प्रतिशत, आईटी में 2.45 प्रतिशत, फार्मा में 1.73 प्रतिशत और प्राइवेट बैंक में 1.21 प्रतिशत की गिरावट रही।

मुंबई स्थित थर्ड पार्टी लॉजिस्टिक्स प्रोवाइडर कंपनी ओम फ्रेट फॉरवर्डर्स लिमिटेड ने IPO लाने के लिए सेबी के पास ड्राफ्ट दाखिल किया है। कंपनी 25 करोड़ रुपए का फ्रेश इश्यू जारी करेगी और ऑफर फॉर सेल के जरिए प्रोमोटर 72,50000 शेयर बेचेंगे।

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार (28 मार्च) को सेंसेक्स करीब 198 अंक गिरकर 77,414 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में करीब 72 अंकों की गिरावट रही, ये 23,519 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों मे से 11 में तेजी जबकि 19 में गिरावट रही। इंडसइंड बैंक में सबसे ज्यादा 3.5 प्रतिशत की गिरावट रही। जबकि, कोटक महिंद्रा बैंक, HUL और ICICI बैंक में करीब 1 प्रतिशत की तेजी रही।

NSE के 50 शेयरों में से 19 में तेजी जबकि 31 में गिरावट रही। सेक्टोरल इंडाइसेज में निफ्टी मीडिया सबसे ज्यादा 2.29 प्रतिशत गिरा। निफ्टी आईटी में 1.76 प्रतिशत और निफ्टी रियल्टी में 1.42 प्रतिशत की गिरावट रही। ऑटो, IT, मीडिया और रियल्टी सेक्टर में 2 प्रतिशत की गिरावट है। जबकि FMCG और प्राइवेट बैंक में मामूली तेजी रही।

## कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में हुई 41 रुपए की कटौती



- 1 मार्च को 6 रुपये की वृद्धि और 1 फरवरी को 7 रुपये की कटौती की गई थी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

तेल कंपनियों ने 1 अप्रैल से कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में कटौती की है। जिससे होटल कारोबारियों को बड़ी राहत मिलेगी। राजधानी दिल्ली में कमर्शियल सिलेंडर के दाम में करीब 41 रुपये की कटौती की गई है। इससे पहले कंपनियों ने 1 मार्च को सिलेंडर के दाम में 6 रुपये की वृद्धि और 1 फरवरी को 7 रुपये की कटौती की थी। वहीं दिसंबर में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की दरों में 62 रुपये की भारी वृद्धि देखी गई। हालांकि, इस ताजा कटौती से रेस्तरां, होटल और अन्य व्यवसायों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद है जो थोक एलपीजी आपूर्ति पर निर्भर हैं। कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत मुंबई बढ़कर 1,714.50 रुपये, कोलकाता 1,872 रुपये, चेन्नई में 1,924.50 रुपये (पहले 1,965.50 रुपये) हो गई है। बता दें कि कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में उतार-चढ़ाव होता रहा है। हालांकि, घरेलू एलपीजी सिलेंडर की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## न्यूज इन शॉर्ट

### रायपुर में पुलिसकर्मी ने युवक को मारा थप्पड़

रायपुर। रायपुर में पुलिस कॉन्स्टेबल ने एक युवक की बीच सड़क जमकर पिटाई कर दी। युवक को थप्पड़ भी मारे। इससे नाराज होकर भीम आर्मी ने पंडरी थाने का घेराव किया। भीम आर्मी ने मांग है कि दोषी पुलिसकर्मी को नौकरी से बर्खास्त किया जाए।वहीं घेराव के दौरान थाने को छावनी में तब्दील कर दिया। एएसपी, 2 सीएसपी, 7 थानों के टीआई समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। थाने के आसपास बैरिकेडिंग की गई थी। इससे आसपास से गुजरने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। मामला पंडरी (मोवा) थाना क्षेत्र का है।पीड़ित गोपाल दास डहरिया के अनुसार, वह सेक्टर-8 सड्डू का निवासी है। 12 मार्च की रात करीब 9 बजे वह विज्ञान भवन के पास अपने भाई की चाय की दुकान पर खड़ा था। वहीं होली के दौरान पुलिसकर्मी सड़क पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए गश्त पर थे।गोपाल ने बताया कि आरक्षक मनीष साहू युवक से अभद्रता करने लगा और इसी बीच गाल पर थप्पड़ जड़ दिए। पिटाई का कारण पूछने पर आरक्षक ने गाली-गलौज की। वह कहता रहा कि वह अपने भाई की मदद करने दुकान पर आया है, लेकिन पुलिसकर्मी ने बिना किसी कारण के उसकी पिटाई की।गोपाल ने बताया कि पुलिसकर्मी उसे उठाकर जबरन गाड़ी में बैठाने लगा, लेकिन वह डर गया और वहां से भाग गया। पुलिस की पिटाई से युवक के हाथ, पैर और सीने पर गंभीर चोटें आई हैं।थाने में नहीं हुई एफआईआरःगोपाल दास ने बताया कि पुलिस की मारपीट के बाद वह अपने परिजन और दोस्तों के साथ थाने पहुंचा। वहां जाकर उसने सीनियर पुलिसवालों को पूरी घटना बताई। लिखित में आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ शिकायत भी दी। इसके बावजूद थाने में एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसके अलावा युवक का मेडिकल भी नहीं कराया गया।

### भारतीय वन सेवा के पांच अफसर हुए पदोन्नत

रायपुर। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक स्तर के पांच अफसर कौशलेन्द्र कुमार, आलोक कटियार, अरूण कुमार पाण्डेय, सुनील मिश्रा और प्रेमकुमार प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पद पर पदोन्नत हुए हैं। ये सभी अफसरों की वहीं पदस्थापना की गई है। कैबिनेट ने भारतीय वन सेवा के 30 साल सेवा पूरी कर चुके अफसरों को पदोन्नत कर प्रधान मुख्य वन संरक्षक बनाने की अनुशंसा की थी।

स्पेशल छूट के नाम पर नक्सल इलाकों में चल रहा था बड़ा खेला

# भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार का बड़ा एक्शन, बस्तर के कलेक्टरों से टेंडर का अधिकार छीना

**वियज मत रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विशेष छूट के नाम पर नक्सल इलाकों में खेला अब नहीं चलने वाला। व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार ने सख्त निर्णय लिया है। इसके तहत बस्तर के कलेक्टरों से टेंडर का अधिकार छीन लिया गया है।छत्तीसगढ़ सरकार ने मंगलवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए बस्तर के सातों जिले के कलेक्टरों का वह अधिकार समाप्त कर दिया, जिसके नाम पर वहां बड़ा खेल होता था। नक्सवाद के नाम पर निर्माण कार्यों के लिए राज्य सरकार ने साल 2013 में जिला निर्माण समिति गठित कर उन्हें बिना टेंडर काम कराने का अधिकार दिया था। कलेक्टर इस समिति के चेयरमैन होते थे और एसपी उसके सदस्य।

इस बारे में अफसरों का कहना है कि उस समय नक्सलियों का तांडव चल रहा था और यह व्यवस्था भी तब के लिए थी लेकिन अब नक्सलियों का प्रभाव सिमटते जा रहा है। सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर को छोड़ अब बाकी जिलों में इस सिस्टम को लागू रखने का कोई औचित्य नहीं है, इसलिए बाकी चार जिलों के लिए निर्माण समितियों को समाप्त कर दिया गया है। सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर के लिए भी शर्त यह है कि पहले ऑनलाइन टेंडर किया जाएगा। यदि कोई कॉन्ट्रैक्टर नही मिला तो स्पेशल केस में फिर जिला निर्माण समिति फैसला लेगी। हालांकि, जानकारों का कहना है कि सरकार को शिकायतें मिल रही थी कि इस विशेष अधिकार की आड़ में बस्तर के कलेक्टर, एसपी निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार कर रहे थे। निर्माण कार्य के बहाने ठेकेदार अफसरों से मिलकर करोड़ों का खेला किया करते थे।

### पत्रकार हत्याकांड के बाद हुआ खुलासाः

बस्तर में पत्रकार हत्याकांड के बाद खुलासा हुआ कि वहां के अधिकारियों ने एक ही ठेकेदार को 50-50 दे दिया था। यह बात भी सामने आई है कि राज्य सरकार के खजाने पर जिम्मेदार अफसर चोंट पहुंचा रहे हैं और फाइलों में सड़क सहित अन्य काम बताकर करोड़ों का खेला कर रहे हैं। इसके बाद विष्णुदेव सरकार ने इस जिला निर्माण समिति को समाप्त कर दिया।

### तीन जिलों के लिए सशर्त निर्माण समितिः

बस्तर, कांकेर, कोंडागांव और दंतेवाड़ा की समिति को समाप्त करते हुए सरकार ने बीजापुर, सुकमा और नारायणपुर के लिए जिला निर्माण समिति गठित की है। जिला निर्माण समिति के अध्यक्ष जिला कलेक्टर को बनाया गया है। जिले के पुलिस अधीक्षक, सीईओ जिला पंचायत, डीएफओ, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री, जिला कोषालय अधिकारी एवं संबंधित कार्य के जिला प्रमुख अधिकारी समिति के सदस्य रहेंगे। जिला निर्माण समिति का कार्य क्षेत्र पूरा जिला होगा।

### ऐसे होगी टेंडर प्रक्रियाः

निर्माण कार्यों के लिए आनलाइन टेंडर जारी किया जाएगा। ठेकेदारों को आनलाइन ठेके की प्रक्रिया में शामिल होना होगा। टेंडर की पूरी प्रक्रिया की जाएगी। जिला निर्माण समिति के माध्यम से किए जाने वाले कार्यों का निर्धारण जिला कलेक्टर द्वारा किया जाएगा।जिन कार्यों को 3 बार ऑनलाइन निविदा आमंत्रित करने के बाद भी, इच्छुक ठेकेदार उपलब्ध नहीं होने के कारण पूरा कराया जाना संभव न हो, ऐसे जरुरी निर्माण कार्यों को जिला निर्माण समिति के माध्यम से कराया जाएगा।

### समिति यहां नहीं कराएगी कामः

जिले के जो ब्लॉक नक्सल प्रभावित नहीं है, वहां जिला निर्माण समिति के माध्यम से कार्य नहीं कराए जाएंगे। स्थानीय निधि डीएमएफ/सीएसआर इत्यादि मद से कराए जाने वाले कार्यों में निर्माण एजेंसी पीडब्लूडी/ आरईएस/ पीएमजीएसवाई आदि को ही क्रियान्वयन एजेंसी बनाया जाएगा। लगातार 3 बार निविदा में कोई भाग नहीं लेता है तब वैसी परिस्थिति में ही कार्य स्थानीय निधि से कराए जाने है, जिसमें जिला निर्माण एजेंसी को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया जा सकता है।

### 10 करोड़ तक काम करा सकेगी समितिः

समिति के माध्यम से 10 करोड़ तक का कार्य कराया जा सकेगा। जरुरी निर्माण कार्यों को जिला निर्माण समिति से कराये जाने के संबंध में ई-टेण्डर द्वारा निविदा बुलाई जाएगी। जिला निर्माण समिति द्वारा एक कार्य को निर्माण की सुविधा की दृष्टि से दो अथवा दो से अधिक भागों में विभाजित किया जा सकेगा। जैसे-पुल-पुलियों के कार्य सहित सड़क निर्माण का कार्य स्वीकृत हो, तो सड़क कार्य के लिये अलग ठेकेदार तथा पुल-पुलियों के लिये अलग-ठेकेदार नियुक्त करने की छूट होगी।

### बड़े काम को अलग-अलग ठेकेदार से कराने की अनिवार्यताः

सड़क की लंबाई अधिक होने अथवा पुल-पुलियों की संख्या अधिक होने की स्थिति में सड़क को दो अथवा दो से अधिक भागों में बांटने तथा अलग-अलग पुल-पुलियों के लिये भी अलग-अलग एजेंसी नियुक्त करने की छूट होगी, किन्तु एक कार्य को छोटे-छोटे टुकडों में विभाजित करते समय समिति द्वारा इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि समग्र रूप से कार्य की गुणवत्ता एक जैसी रहे तथा अलग-अलग टुकड़ों में कराए गए कार्यों के लागत मूल्य में समानता रहे। यदि कार्य को अलग अलग-अलग टुकड़ों में कराया जाता है तो यह ध्यान रखा जाएगा कि बीते तीन वर्षों में जिले में विभिन्न विभागों के द्वारा कराए गए समान प्रवृत्ति के कार्य के दर से अधिक नहीं हो। कार्यों का निरीक्षण, पर्यवेक्षण तथा मूल्यांकन का कार्य लोक निर्माण विभाग या कलेक्टर द्वारा निर्धारित किसी सक्षम तकनीकी अधिकारी के द्वारा किया जाएगा।

# बस्तर में जनप्रतिनिधियों के साथ लंच करेंगे शाह, नक्सल ऑपरेशन कमांडर्स से मिलेंगे

### पंडुम-महोत्सवः दौरे के दूसरे दिन दंतेवाड़ा में मां दंतेश्वरी के दर्शन करेंगे केंद्रीय गृहमंत्री



**वियज मत रायपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह 4 अप्रैल की शाम को छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। वे यहीं रात रुकेंगे। दूसरे दिन वे दंतेवाड़ा में मां दंतेश्वरी के दर्शन करेंगे, फिर बस्तर पंडुम महोत्सव में शामिल होंगे। पंडुम कार्यक्रम में शाह बस्तर की संस्कृति, खान-पान,

ड्रिंक्स, आभूषण, वेशभूषा, वाद्य यंत्र, नाटक और डांस का लुत्फ उठाएंगे।प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने इस बारे में बताया कि अमित शाह बड़े नक्सल ऑपरेशन में शामिल कमांडर्स से मुलाकात करेंगे। एंटी नक्सल ऑपरेशन को लेकर अफसरों से चर्चा करेंगे। साथ ही बस्तर निकाय चुनावों में जीतने वाले जनप्रतिनिधियों के साथ लंच भी करेंगे।बता दें, बस्तर पंडुम में पंडुम का मतलब उत्सव से है। 12 मार्च से इसकी शुरूआत बस्तर के अलग-अलग इलाकों में हो चुकी है। इसमें जनजातीय नृत्यों के तहत गेड़ी, गौर-माड़िया, ककसाड़, मांदरी, हुलकीपाटा जैसे 12 डांस फॉर्म स्थानीय कलाकारों ने दिखाए हैं।वहीं लोक गीत श्रृंखला के तहत जनजातीय गीत-चैतपरब, लेजा, जगारगीत, धनकुल, हुलकी पाटा जैसे दर्जनों गीत, जनजातीय नाट्य श्रेणी में भतरा नाट्य लय और ताल, संगीत कला, वाद्य यंत्र के साथ दिखाया गया है।महोत्सव के बारे में विजय शर्मा ने आगे बताया कि महोत्सव के उद्घाटन में 3 अप्रैल को कवि कुमार विश्वास बस्तर आएंगे। वे यहां बस्तर के राम विषय पर प्रस्तुति देंगे। साथ ही भगवान राम के बस्तर से नाता के बारे में बताएंगे। राम कथा में 'बस्तर के राम' पर कथा सुनाएंगे।

### जनजातीय वाद्य यंत्रों का प्रदर्शनः

पंडुम महोत्सव में जनजातीय वाद्य यंत्रों का प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें धनकुल, ढोल, चिटकुल, तोड़ी, अकुम, झाब, मांदर, मृदंग, बिरिया ढोल, सारंगी, गुदुम, मोहरी, सुलुङ, मुंडाबाजा, चिकारा को बजाने की प्रतियोगिता होगी।

इसके साथ ही जनजातीय वेशभूषा और आभूषण प्रदर्शन विधा में लुरकी, करधन, सुतिया, पैरी, बाहूंटा, बिछिया, ऐंठी, बन्धा, फुली, धमेल, नांगमोरी, खोचनी, मुंदरी, सुर्रा, सुता, पटा, पुतरी, नकबेसर जैसे आभूषण दिखाए गए हैं।

# कलेक्टर की चेतावनी- स्कूल की मरम्मत के बाद टपका पानी तो होगी कार्रवाई

### इंजीनियर सस्पेंड और ठेकेदार ब्लैकलिस्टेड होंगे

बिलासपुर। जिले में स्कूल भवनों की मरम्मत को लेकर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्टर अवनीश शरण ने मंगलवार को टीएल बैठक में स्कूल जतन योजना की समीक्षा के दौरान स्पष्ट चेतावनी दी। यह भी कहा कि - स्कूल की मरम्मत के बाद टपका पानी तो सख्त कार्रवाई होगी।

कलेक्टर ने साफ कहा कि मरम्मत के बाद अगर किसी स्कूल की छत से बारिश का पानी टपकेगा तो संबंधित सब इंजीनियर को निलंबित कर दिया जाएगा। साथ ही, काम करने वाले ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा।बैठक में कलेक्टर ने जनता की समस्याओं के समाधान के लिए नई पहल की घोषणा की। तालाबों से अतिक्रमण हटाने का भी निर्णय लिया गया है। अगले 15 दिनों में ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव के आधार पर बेजा कब्जा हटाया जाएगा।

### ग्राम स्वराज की तर्ज पर शुरू होगा अभियानः

ग्राम स्वराज की तर्ज पर जल्द ही एक विशेष अभियान शुरू किया जाएगा। इससे पहले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने विभाग की शिकायतों का निराकरण करना होगा।कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार ग्राम स्वराज योजना पर विचार कर रही है। इसके तहत जनता की समस्याएं, शिकायतें और मांगों की जानकारी ली जाएगी। उन्होंने पटवारी, पंचायत सचिव, आरएईओ और लाइनमैन को मुख्यालय में रहकर जनहित के काम करने के निर्देश दिए।

### एसडीएम को आकस्मिक निरीक्षण के आदेशः

बता दें कि, 7 अप्रैल से राजस्व पखवाड़े का आयोजन होगा। पेयजल समस्या के समाधान के लिए ग्राम पंचायत की मूलभूत या 15वें वित्त आयोग की राशि का उपयोग किया जा सकेगा।मस्तुरी क्षेत्र में राशन वितरण की शिकायतों को देखते हुए एसडीएम को आकस्मिक निरीक्षण के आदेश दिए गए हैं। बैठक में नगर निगम आयुक्त अमित कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# पत्नी और बेटी ने एक लाख की सुपारी देकर कराई थी एसईसीएल कर्मी की हत्या

रायपुर । छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले के बड़गांव कोसाबारी इलाके में पुलिया के नीचे बोरी में लिपटे शव की गुत्थी सुलझ गई। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर मामला सुलझाया और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस अपराध के पीछे मृतक की पत्नी और बेटी का ही हाथ था। उन्होंने 1 लाख रुपये की सुपारी देकर वारदात को अंजाम दिलवाया था। 29 मार्च को बड़गांव कोसाबारी पुलिया के नीचे कंबल, दरी और बोरी में लिपटा हुआ एक शव बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने टीम बनाकर मामले की जांच शुरू की। शव की पहचान खुटरापारा निवासी अशोक कुमार कुर्रे के रूप में हुई। मृतक एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय में अस्थायी रूप से फाइल बाइंडिंग और चाय पिलाने का काम करता था। पुलिस ने बताया कि, मृतक की पत्नी सांता कुर्रे ने 26 मार्च को थाने में अपने पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन मामले की गहराई से जांच करने पर पता चला कि, यह पूरा मामला हत्या का है।

ऐसे हुई थी हत्या -29 मार्च की रात 10 बजे सरिता ने तौसिफ और अमानुल को घर बुलाकर अंदर छिपा लिया। जैसे ही अशोक कुर्रे खाना खाकर बाहर के कमरे में खटिया पर सो गया, उसकी बेटी ने मैसेज कर तौसिफ और अमानुल को बुलाया। वहीं बाकी छोटे बच्चों को एक कमरे में बंद कर दिया गया। इसके बाद तौसिफ और अमानुल खान ने धारदार हथियार (चापड़) से अशोक के सिर और गर्दन पर वार किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान पत्नी सांता कुर्रे और बेटी सरिता ने मृतक के पैर पकड़ रखे थे।

हत्या के बाद शव को दरी और बोरी में लपेटकर रस्सी से बांधा और बाइक पर रखकर पुलिया के नीचे फेंक दिया।

# राज्यपाल रमेन डेका ने जिले के प्रशासनिक अधिकारियों की ली बैठक



**विजय मत रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने दुर्ग जिला प्रवास के दौरान आज प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभिन्न प्रशासनिक मुद्दों पर ठोस दिशा-निर्देश दिए, जिसमें पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति, जल संरक्षण और स्व सहायता समूहों को सशक्त बनाने की दिशा में प्रयासों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने शासकीय योजनाओं का लाभ उठा रहे लाभान्वित हितग्राहियों से चर्चा की और उनसे प्राप्त हो रही आमदनी के बारे में जानकारी प्राप्त की।राज्यपाल रमेन डेका ने हरियाली को बनाए रखने व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जिले में अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण के लिए फायदेमंद नहीं है, बल्कि यह आने वाली पीढि ?ों के लिए भी एक उपहार साबित हो सकता है। यह हमारी जिम्मेदारी बनती है कि पर्यावरण की रक्षा के लिए अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाएँ और उनका संरक्षण करें। एक पेड़ मां के नाम के तहत अभियान चलाकर प्रत्येक खाली स्थानों में पेड़-पौधे लगाकर उनका संरक्षण करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने लोगों को अपने घरों के बगीचों मेंस्कूल, कॉलेज, शासकीय कार्यालयों एवं अन्य खाली स्थानों में वृक्षारोपण करने को कहा। राज्यपाल डेका ने जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त की और पुलिस प्रशासन को प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए।

### राज्यपाल ने स्व सहायता समूहों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने पर बल दिया

उन्होंने इन समूहों को स्टार्टअप योजनाओं से जोड? और उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान करने की आवश्यक पहल करने को कहा। इस प्रयास से स्व सहायता समूह अपने व्यवसायों को बढ़ावा दे सकेंगे और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकते हैं। राज्यपाल ने लोगों को सरकार की मुद्रा लोन योजना से भी जोड़ कर लाभान्वित करने कहा। इसी प्रकार विभिन्न योजनाओं से जुड़े सहकारिता से संबंधित समितियों के सदस्यों को अंतर जिला एवं अंतर प्रदेश भ्रमण करा कर कार्य दक्षता बढ़ायी जाए। बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने दुर्ग जिले की संक्षिप्त जानकारी के साथ जिले में क्रियान्वित योजनाओं और उपलब्धियों के संबंध में राज्यपाल को अवगत कराया। बैठक में संभाग आयुक्त श्री एस.एन. राठौर, पुलिस महानिरीक्षक श्री आर.जी. गर्ग, पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र शुक्ला, सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी और विभिन्न योजनाओं के लाभान्वित हितग्राही उपस्थित थे।

### जशपुर के डोंगादरहा में सरपंच की दिनदहाड़े हत्या

रायपुर। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के डोंगादरहा ग्राम पंचायत के सरपंच की दिनदहाड़े अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी है। वे अपने घर के आंगन में नहा रही थी, तभी अज्ञात लोग आए और धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी। मामले की जानकरी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस फोरेंसिक टीम और डॉग सक्वायड की टीम को मदद से मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार की दोपहर 12 बजे मृतका प्रभवती सिदार घर के पीछे नहाने के लिए गई थी। इसी दौरान अज्ञात हमलावर ने घर मे प्रवेश कर दिनदहाड़े धारधार हथियार से चेहरे और गर्दन पर हमला कर दिया। इस घटना में प्रभावती सिदार की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

# पुलिस कस्टडी में मौत के बाद बवाल, मां बोली-पुलिस वालों ने मार दिया

## आसपास के कई जिले के किसानों से ठगी का था आरोपी,किसानों और परिजन में भी झड़प



**विजय मत धमतरी।** धमतरी में पुलिस कस्टडी में एक आरोपी की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। मंगलवार को अस्पताल के बाहर परिजन रोते-बिलखते रहे। मां ने रोते हुए कहा कि, पुलिस वालों ने मेरे बेटे को मार दिया। पूरा मामला अजुर्नी थाने का है। वहीं मामले में एसपी ने थाना प्रभारी सनी दुबे को निलंबित कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी का नाम दुर्गेश कठौलिया है जो ग्राम भवरमरा, जिला दुर्ग का रहने वाला था। दुर्गेश पर किसानों से 7 करोड़ 73 लाख रुपए ठगने का आरोप था। इसके बाद 31 मार्च को आरोपी को गिरफ्तार किया गया था। प्रदर्शन के बौदान किसानों और परिजन की भी झड़प हुई है।मौत की सूचना पर मृतक आरोपी दुर्गेश कठौलिया का परिवार जिला अस्पताल परिसर पर धरने पर बैठ गया। इसी दौरान पीड़ित किसान भी पहुंचे और धरना दे रहे परिजन के पास ही पुलिस प्रशासन जिंदाबाद के नारे लगाते दिखे।इसे देख मृतक के परिजन भड़क गए और धक्का-मुक्की हो गई। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाते हुए कहा कि, नारे लगा रहे किसानों की ओर से ही दुर्गेश को मरवाया गया है। जैसे-तैसे पुलिस ने किसानों को तत्काल जिला अस्पताल परिसर से हटाया।

### पत्नी की मांग- हत्यारों को सजा मिले

मृतक के पिता ने बताया कि, बेटे को दुर्ग से गिरफ्तार कर लाया गया था। घर पहुंचते ही पुलिस और किसानों ने घर में रखें कागजात को तहस-नहस कर दिया। बेटे को संकल (लोहे की चैन) से बेदर्दी से मारा गया। उनका बेटा पानी पी रहा था, पुलिस ने पानी को फेंक दिया।

मृतक आरोपी दुर्गेश कठौलिया की पत्नी दुर्गा ने भी पुलिस पर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि, पुलिस ने कार्रवाई को लेकर किसी भी तरह की जानकारी नहीं दी। साथ ही पुलिस ने उनके पति को बेरहमी से मारा है। हत्यारों को सजा मिलनी चाहिए।

### पुलिस बोली- तबीयत बिगड़ने से गई जान

पुलिस का कहना है कि, आरोपी को न्यायालय से रिमांड पर थाने लाया गया था। इस दौरान उसकी तबीयत अचानक खराब हो गई। पुलिस तुरंत उसे अस्पताल ले गई। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की मांग

इस घटना पर कांग्रेस का बयान भी सामने आया है। संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने उच्च स्तरीय न्यायिक जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि, 420 केस में जेल में बंद आरोपी को पीटने से उसकी मौत हो गई। परिजनों के साथ न्याय होना चाहिए।

### 50 किसानों से करोड़ों ठगे थेः

जानकारी के मुताबिक, प्रार्थी रोहित सिन्हा समेत 50 किसानों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि धान को ज्यादा कीमत पर बेचने के नाम से दुर्गेश ने उनसे करोड़ों रुपए ठगे। जिसके बाद 31 मार्च को उसे गिरफ्तार किया गया था।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा जेयन ऑफसेट वर्क्स, 119 इनारा हाऊस रायसेन रोड भोपाल-462023 म.प्र. से मुद्रित एवं ई.एम.एस. 21 इंडस टाउन, होशंगाबाद रोड, मिसरोद, भोपाल म.प्र. से प्रकाशित, संपादक-सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला मो.-8889977997
आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2015/66998, (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल होगा। Email-vijaymat.bhopal@gmail.com